जबलपुर
शनिवार 14 मार्च 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## सीतारमण ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे की कड़ी आलोचना की

# देशहित में काम करने की बजाए विपक्ष कर रहा हंगामा जनता को उम्मीद न देकर गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य जनता को उम्मीद न देते हुए गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने राहुल गांधी और अन्य सदस्यों के संसद परिसर की सीढ़ियों पर चाय पीने को लेकर भी कटाक्ष किया।सीतारमण ने विपक्ष के हंगामे की निंदा करते हुए कहा कि अन्य देशों की स्थितियों के कारण भारत में कुछ मुश्किलें आई हैं।कदम उठाए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता सीढ़ियों पर बैठकर चाय पीते हैं, मगर वे एलपीजी के ऊपर चर्चा की मांग करते हैं।

### विपक्ष ने हंगामे को अपना काम मान लिया

उन्होंने कहा कि जनता के बीच उम्मीद जगानी थी। नागरिकों को परेशानी न हो, प्रधानमंत्री मोदी पूरी ताकत के साथ उसके लिए मेहनत कर रहे हैं। मगर विपक्ष के सदस्यों ने सिर्फ हंगामे को ही अपना काम मान लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।


संसद में वित्त मंत्री सीतारमण

विपक्ष की हरकतों पर भड़कीं

### वे सीढ़ियों पर चाय पी रहे बाहर गैस पर हंगामा कर रहे

सीतारमण 'अनुपूरक अनुदान मांगों' पर जवाब देने खड़ी हुईं, तो विपक्ष के शोर-शराबे ने सदन का माहौल गरमा दिया। वित्त मंत्री ने दो टूक कहा कि विपक्ष को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी और अन्य पर निशाना साधा। ये संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय पी रहे हैं, वही बाहर एलपीजी पर चर्चा का ढोंग करते हैं।

**विदुर का नाम जोड़िए रावण का नहीं**

सीतारमण ने चंद्रशेखर आजाद को सलाह दी और कहा महाभारत में एक बहुत ही सम्मानित पात्र और व्यक्तित्व हैं, महर्षि विदुर, आप उनका नाम जोड़िए,उनकी बुद्धिमत्ता प्रशंसनीय है।

### कांग्रेस निजी विधेयक के समय को भी समाप्त करना चाह रहीः रिजिजू


केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिजनेस



एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। लेकिन कांग्रेस हंगामा करके अपने सदस्यों के निजी विधेयक के समय को भी समाप्त करना चाहती है।

लोकसभा 16 मार्च तक स्थगित

### वित्तीय बिल और प्रस्तावों पर चर्चा होगी



लोकसभा की बैठक 16 मार्च को सुबह 11 बजे फिर से बुलाई गई है। सांसदों ने अधिवेशन को स्थगित कर दिया, ताकि अगले निर्धारित दिन सभी मुद्दों और बहसों को आगे बढ़ाया जा सके। अगले सत्र में वित्तीय बिल, प्रस्ताव और अन्य अहम मामलों पर चर्चा होगी।

### लोकसभा में पास हुई 'दूसरी अतिरिक्त अनुदान मांगें 2025-26'

लोकसभा ने अनुदानों के लिए अनुपूरक मांगें- 2025-26 के लिए दूसरा बैच को मंजूरी दे दी। सरकार को 2025-26 के दौरान अतिरिक्त खर्च करने की अनुमति मिल गई है।


### लोकसभा में पेश हुआ 'ट्रांसजेंडर अधिकार संशोधन विधेयक, 2026'

लोकसभा में 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों की सुरक्षा) संशोधन विधेयक, 2026' पेश किया गया। इसका उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा करना है।

## खबर संक्षेप

### 7 साल जेल के बाद शख्स को मिली जमानत


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी एक



व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है। कोर्ट ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। पीठ ने पटना हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया।

### महाराष्ट्र में सभी वाहनों के लिए एक नियम होंगे


**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अब पैसेंजर लेकर चलने वाले इलेक्ट्रिक ऑटो (ई-रिक्शा) और



ई-बाइक के लिए परमिट लेना जरूरी कर दिया है। यह फैसला राज्य में नियमों को एक जैसा बनाने के लिए लिया गया है। यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शुक्रवार को दी। इससे पहले, इलेक्ट्रिक ऑटो को अलग से परमिट लेने की जरूरत नहीं थी।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी


**पटना।** बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।



धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विधानसभा परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस और विशेष सुरक्षा टीमों ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत स्थिति की समीक्षा की। हर हिस्से पर नजर रखी जा रही है।

### बांका पुलिस लाइन में खाने से 100 बीमार

**बांका।** बांका पुलिस लाइन में शुक्रवार को फूड पाइजनिंग की घटना से हड़कंप मच गया। दोपहर



का भोजन करने के बाद 100 से अधिक पुलिस जवान अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत से बीमार पड़ गए। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। इसके बाद अफसर वहां पहुंचे हैं।

### डीएमके और केएमडीके के बीच गठबंधन तय

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। मुख्यमंत्री



एमके स्टालिन और ईआर ईश्वरन के बीच एक अहम बैठक हुई। इस बातचीत के बाद यह तय हुआ कि केएमडीक पार्टी इस बार 'सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस' गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। इसका उद्देश्य चुनावों में मिलकर जीत हासिल करना है।

## कोकराझार में 4,570 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

# असम के तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध, 3 नई रेल सेवाएं शुरू

### मौसम की खराबी के चलते निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंच सके

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी के असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान खराब मौसम की वजह से उनके कार्यक्रम में अचानक बदलना पड़ा। प्रधानमंत्री को शुक्रवार को कोकराझार जाना था, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया, जिसके बाद पीएम गुवाहाटी पहुंचे। इलाके में खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्रीमोदी ने राजधानी गुवाहाटी से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 3नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने कहा कि मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी से ही दी सौगातें


प्रधानमंत्री मोदी ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से दी योजनाओं की सौगातें

### सरकार यहां तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही

उन्होंने कहा कि भाजपा-एनडीए की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है। 'असम माला अभियान' के तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी।

**'असम माला 3.0' की शुरुआत की**

पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ की लागत वाली एक प्रमुख सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना 'असम माला 3.0' की शुरुआत की। अंतर-राज्यीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए असम भर में 900 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

### छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया

उन्होंने बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) क्षेत्र में लगभग 1,100 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें चार फ्लाईओवर और दो पुल शामिल हैं।

इन परियोजनाओं से कोकराझार जिले में यातायात जाम कम करने और संपर्क, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण आवागमन में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, पीएम मोदी ने कोकराझार जिले के बाशबारी में आवधिक मरम्मत (पीओएच) कार्यशाला की आधारशिला रखी।

### 3 रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई

पीएम मोदी ने असम और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में संपर्क सुधारने के उद्देश्य से शुरू की गई तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है, जो उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, असम और पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क को बेहतर बनाएगी।



### विपक्ष पर किया हमला- कांग्रेस को बताया झूठे वादों की दुकान

प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। कांग्रेस सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। इसी सोच के साथ बोडो शांति समझौता किया गया। इस दैरान कांगरेस को झूठे वादों की दुकान बताया।

## चुनाव से पहले ममता का बड़ा ऐलान

# एससी-एसटी और ओबीसी के लिए सांस्कृतिक व विकास बोर्ड बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता ।नर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा। सीएम बनर्जी ने इसे राज्य में समान और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है, जो चुनावी मोर्चे पर भी उनकी पकड़ मजबूत कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में सीएम ममता ने लिखा कि मैं खुशी के साथ घोषणा करती हूं कि हमारी सरकार मुंडा (एसटी), कोरा (एसटी), डोम (एससी), कुंभकार (ओबीसी) और सदगोप (ओबीसी) समुदायों के लिए जल्द ही पांच नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी।

कुछ समुदायों को लुभाने की कोशिश



### ये समुदाय राज्य की सजीव-रंगनी संस्कृति का हिस्सा

अपने पोस्ट में सीएम ममता बेनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये पांचों समुदाय राज्य की सजीव और रंगीन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। बोर्डों के जरिए इनके भाषा, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिकारों की रक्षा की जाएगी। सीएम बनर्जी ने यह भी बताया कि 2013 से उनकी सरकार ने कई ऐसे बोर्ड स्थापित किए हैं, जिससे कमजोर समुदायों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया गया है।

### हमारा लक्ष्य समान विकास करना

इसके साथ ही सीएम ममता ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न रह जाए। उन्होंने जोर दिया कि बंगाल सरकार का लक्ष्य है कि समान विकास और सहयोग के जरिए हर चेहरे पर मुस्कान आए। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने यह घोषणा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले की है। बंगाल विधानसभा में 294 सदस्य हैं और चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। ऐसे में जहां एक ओर ममता की पार्टी टीएमसी चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है।

## मोनालिसा और फरमान की शादी

# साध्वी प्राची ने कहा-35 टुकड़ों में मिलेगी लाश!

एजेंसी ▶▶ बागपत

यहां हिंदूवादी नेत्री साध्वी प्राची ने वायरल गर्ल मोनालिसा और



फरमान की शादी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने इस रिश्ते को लेकर गंभीर आशंका जताते हुए कहा कि मोनालिसा के साथ धोखा हो सकता है। साध्वी ने कहा कि उन्हें डर है कि मोनालिसा के साथ फरेब हो सकता है और भविष्य में उसकी लाश 35 टुकड़ों में भी मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला ऐसे मामलों की याद दिलाता है, जिनमें लड़कियों की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह मामला निकिता तोमर हत्याकांड जैसा भी हो सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि मोनालिसा की लाश फ्रिज में मिले। साध्वी प्राची ने फरमान पर 'लव जिहाद' का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि फरमान हिंदू धर्म अपनाकर मोनालिसा से शादी करता तो उनका स्वागत किया जाता, उन्होंने इसे लव जिहाद बताया है।

## मेघालय पर भाजपा का दावा

# गारो में दंगे जैसा हाल, आदिवासी प्रमाणपत्र लगा रहे 'घुसपैठिए'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के सांसद रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि मेघालय



के गारो हिल्स क्षेत्र में इन दिनों दंगे की स्थिति है। उन्होंने यह भी कहा कि कथित घुसपैठिए बंगाल और झारखंड की तर्ज पर चुनाव लड़ रहे हैं। एक्स पर रविशंकर ने कहा कि मेघालय में गारो हिल्स क्षेत्र में इन दिनों काफी हंगामा और दंगे की स्थिति है। बांग्लादेशी घुसपैठिए वहां बड़ी संख्या में आए हैं। गारो जिला परिषद एक स्वायत्त निकाय है और भारत के संविधान के तहत उसे प्रशासन का अधिकार प्राप्त है। उसका चुनाव होता है और प्रमाणित आदिवासी ही चुनाव लड़ते हैं। बंगाल और झारखंड के तर्ज पर बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों ने नया तरीका अपनाया है। ये स्थायी आदिवासी बेटियों से शादी कर लेते हैं और फिर तलाक लेकर अलग हो जाते हैं। इसके बाद इसका दुरुपयोग कर उस आधार पर प्रमाण पत्र लेकर चुनाव लड़ने आ जाते हैं।

## केंद्र सरकार की ओर से एएसजी भाटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

# ट्रांसजेंडर, समलैंगिकों और सेक्स वर्कर्स के रक्तदान करने पर रोक बरकरार रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने ट्रांसजेंडर, समलैंगिक पुरुषों और सेक्स वर्कर्स के रक्तदान पर



जारी प्रतिबंध को बरकरार रखा है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि एक्सपर्ट्स का कहना है कि लोगों के हित को देखते हुए ऐसा करना जरूरी था।

### लोगों के हितों का ध्यान रखना जरूरी बताया



**दिशा-निर्देशों को दी गई थी चुनौती**

इस मामले में नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की ओर से 'रक्तदाता चयन और रक्तदाता रेफरल संबंधी दिशा-निर्देश, 2017' को चुनौती दी गई थी। दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि ट्रांसजेंडर, समलैंगिक पुरुषों और फीमेल सेक्स वर्कर्स को एचआईवी/एड्स वाले वर्ग में रखा गया है और यह काफी जोखिम भरा वर्ग है।बीते साल कोर्ट की ओर से इस मामले में प्रतिबंध को लेकर केंद्र से विचार करने को कहा गया था। भाटी ने बताया, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर प्रतिबंध को लेकर नरम रुख अपनाया जाता है तो जिन्हें यह खून चढ़ेगा, उन्हें नुकसान होगा।

## एसआईआर की हाई लेवल मीटिंग में सीईओ का निर्देश

# अब कोई फर्जी वोटर नहीं बचेगा! त्रुटि की गुंजाइश न हो

### भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली रांची

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। आयोग ने एसआईआर से संबंधित सभी बिंदुओं को अधिनियमों में स्पष्ट रूप से निर्धारित किया है, इसलिए पदाधिकारी सुनिश्चित करें कि हर कार्य और निर्णय आयोग के निर्देशों व स्थापित नियमों के अनुसार ही हो।



**डिजिटल रूप में तैयार किया जाए**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के समय एबसेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची अलग से प्रकाशित की जाएगी। इस सूची को डिजिटल रूप में तैयार कर समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इसे संबंधित मतदान केंद्र के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से सत्यापित कराना भी अनिवार्य होगा।

गहन पुनरीक्षण का कार्य अधिनियमों के अनुसार ही हो

उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर दलों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियों और समन्वय की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

**घर-घर जाकर सर्वे करें, कोई छूटे नहीं**

बीएलओ को निर्देश दिया गया कि घर-घर सर्वे के दौरान घर के मुखिया और उसमें रहने वाले सभी सदस्यों की सूची भी तैयार करें। जिन मकानों का नंबर नहीं है, उन्हें नंबर देकर चिह्नित करें। एक ही मकान में रहने वाले मतदाताओं का मतदान केंद्र एक ही स्थान पर हो। उन्होंने बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के प्रशिक्षण को भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में मंजूरी

# आपदा पीड़ित 6 राज्यों को 1,912 करोड़ की अतिरिक्त राशि मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) ने



वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से प्रभावित छह राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ रकी अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से देंगे। सरकार आपदाओं के समय राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव मदद प्रदान कर रही है।

**इन राज्यों को मिलेगी सहायता**

इस राशि में आंध्र प्रदेश को 341.48 करोड़ , छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़, गुजरात को 778.67 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 288.39 करोड़, नगालैंड को 158.41 करोड़ और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को 330.34 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। यह वर्ष के शुरुआती बैलेंस के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन होगी।


जबलपुर शनिवार 14 मार्च 2026 | फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-12 वर्ष : 20, अंक : 312 पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * | अधि. 33 न्यून.18 | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






| Edition | Hari Bhoomi | Patrika | D Bhaskar |
|---|---|---|---|
| Raipur | 2,33,011 | 99,962 | 1,92,962 |
| Bilaspur | 1,32,374 | 35,357 | 71,499 |
| Total | 3,65,385 | 1,35,319 | 2,64,461 |

## छत्तीसगढ़ में फिर लहराया हरिभूमि का परचम

# एबीसी रिपोर्ट में फिर नंबर-1

### जन सरोकार, जनहित और ज़मीन से जुड़ी पत्रकारिता ने दिलाया पाठकों का भरोसा

छत्तीसगढ़ में जनसरोकार की पत्रकारिता का प्रतीक बन चुका हरिभूमि एक बार फिर पाठकों की पहली पसंद साबित हुआ है। एबीसी ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन की जुलाई-दिसंबर 2025 रिपोर्ट के अनुसार हरिभूमि ने प्रदेश में प्रसार के मामले में अपने प्रतिस्पर्धियों से स्पष्ट बढ़त बनाई है।

### कुल प्रसार संख्या 3,65,385, जो अन्य प्रमुख अखबारों से काफी अधिक

**रायपुर।** रिपोर्ट के मुताबिक रायपुर और बिलासपुर संस्करण मिलाकर हरिभूमि की कुल प्रसार संख्या 3,65,385 रही, जो अन्य प्रमुख अखबारों से काफी अधिक है। इसके मुकाबले दैनिक भास्कर 2,64,461 और पत्रिका 1,35,319 प्रतियों के साथ पीछे रहे।

रायपुर संस्करण में हरिभूमि की 2,33,011 प्रतियों की प्रसार संख्या रही, इनमें से 1552 प्रतियां ओडिशा की शामिल हैं। इन 1552 प्रतियों का प्रकाशन रायपुर संस्करण में कर ओडिशा भेजा जाता है, जबकि बिलासपुर संस्करण की 1,32,374 प्रतियां पाठकों तक पहुंचीं। यह आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हरिभूमि के प्रति पाठकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

दरअसल, हरिभूमि की पहचान केवल एक अखबार के रूप में नहीं बल्कि जन सरोकारों की आवाज़ के रूप में बनी है। ग्रामीण इलाकों की समस्याओं से लेकर किसानों, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों के मुद्दों को प्राथमिकता देना ही इसकी पत्रकारिता की पहचान रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ज़मीन से जुड़ी खबरें, जनहित के मुद्दों पर मुखर रुख और स्थानीय समाज की नब्ज़ को समझने वाली रिपोर्टिंग ने हरिभूमि को पाठकों के दिल के करीब पहुंचाया है।

#### भरोसा अब भी अखबारों पर

इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया की बाढ़ के बावजूद प्रिंट मीडिया का दबादबा कायम है। विशेषकर हिंदी भाषी क्षेत्रों में अखबारों की खासी पूछपरख है। इसकी बड़ी वजह है विश्वसनीयता और प्रतिबद्धता। प्रिंट मीडिया आज भी आम और वंचितों के हक के लिए पूरी शिद्दत से मुखर है। हरिभूमि पाठकों के प्रति अपने दायित्व से कभी विमुख नहीं हुआ। यही वजह है कि हरिभूमि पर पाठकों का भरोसा कायम है।

विश्लेषक बोले

#### जनपक्षीय पत्रकारिता का हरिभूमि उदाहरण

मीडिया विश्लेषकों का कहना है कि डिजिटल दौर की तेज प्रतिस्पर्धा के बीच भी यदि किसी अखबार की पाठक संख्या लगातार मजबूत बनी हुई है तो उसका कारण विश्वसनीयता और जनपक्षीय पत्रकारिता ही होती है, और हरिभूमि इसका उदाहरण बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ में यह बढ़त इस बात का संकेत भी है कि पाठक आज भी सिर्फ खबर नहीं, बल्कि समाज से जुड़े सरोकारों की पत्रकारिता को महत्व देते हैं।

## मुख्यमंत्री ने ग्वालियर से 1.25 करोड़ बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपए

# 2 महीने बाद 'लाड़ली बहना' को 3 साल बहनें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनीं



**हरिभूमि न्यूजः भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लाड़ली बहना योजना की 34 वीं किस्त एक करोड़ 25 लाख 27 हजार से अधिक बहनों के खाते में एक हजार 836 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इनमें ग्वालियर जिले की 3 लाख 16 हजार से अधिक लाड़ली बहनें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की हर लाड़ली बहनों के खाते में हर महीने 1500 रुपए भेजे जा रहे हैं। योजना में अब तक 52 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि बहनों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर, घाटीगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लाड़ली बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे हर महीने मिलने वाली इस राशि से अपनी बेहतरी के लिए कोई भी रुचिकर काम-धंधा शुरु करें और आत्मनिर्भर मप्र के निर्माण में योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 महीने बाद लाड़ली बहना योजना के 3 साल पूरे हो जाएंगे। इन 3 सालों में प्रदेश की बहनों की जिंदगी जिस तरह से बदली है, वह भूतो न भविष्यति है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से फरवरी 2026 तक 42 हजार 308 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि बहनों के खाते में भेजी गई है। लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की बहनें अब आत्म-निर्भर बन गई हैं। इस योजना ने बहनों को न केवल आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया है, बल्कि इन्हें 'रिस्क' लेने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के सपने देखने की हिम्मत भी दी है।

#### ये महत्वपूर्ण घोषणाएं

- ग्वालियर जिले को दी 122 करोड़ रुपए के 54 विकास कार्यों की सौगात
- भितरवार पीएचसी बनेगा सिविल अस्पताल, घाटीगांव उप स्वास्थ्य केंद्र का होगा उन्नयन,
- भितरवार और घाटीगांव में खुलेंगे आईटीआई केंद्र
- घाटीगांव में शबरी माता और भगवान देवनारायण धाम बनेगा, घाटीगांव, चिनोर और करैया में बनेंगे सांदीपनि विद्यालय

### चुनाव आयुक्त के खिलाफ दोनों सदनों में सौंपे नोटिस

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंप दिया है। इस



नोटिस पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस के लिए कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती है। विपक्ष ने 193 हस्ताक्षर जुटाकर यह जरूरी आंकड़ा आसानी से पार कर लिया है।

### जूडॉ को 77 हजार सीनियर रेजिडेंट को मिलेंगे 90 हजार

**भोपाल।** मोहन सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत जूनियर डॉक्टरों और रेजिडेंट्स डॉक्टरों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी का आदेश जारी किया है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आधार पर किए गए संशोधन के बाद जूनियर डॉक्टरों को अब 77 हजार 662 और सीनियर रेजिडेंट को 90 हजार 803 रुपए स्टाइपेंड मिलेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत डॉक्टरों के स्टाइपेंड में संशोधन किया है। नया स्टाइपेंड एक अप्रैल 2025 से लागू होगा।

### शीर्ष कोर्ट बोला- तो महिलाओं को कोई नौकरी नहीं देगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में महिला छात्रों और कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म की छुट्टी देने वाली देशव्यापी नीति बनाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसी स्थिति में कोई भी उन्हें नौकरी नहीं देगा। विभाग से जुड़े प्राधिकारी इस आवेदन पर विचार कर सकते हैं और सभी संबंधित हितधारकों से परामर्श करने के बाद मासिक धर्म की छुट्टी पर एक नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए और कमजोर जताने के लिए दायर की गई हैं।

# केंद्र की सलाहः पीएनजी का कनेक्शन लें, इससे एलपीजी का प्रेशर कम होगा




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कई राज्यों जैसे मेघालय, त्रिपुरा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में कंट्रोल रूम भी खोले गए

मिडिल ईस्ट में युद्ध की वजह से भारत समेत दुनियाभर में ऊर्जा संकट का खतरा मंडराता जा रहा है। भारत में भी अलग-अलग राज्यों से गैस की खबरें सुर्खियों में हैं। शुक्रवार को सुजाता शर्मा, संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल रिफाइनरी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोगों से अफवाहों से बचने की सलाह और पैनिक बाइंग न करने की अपील की है। सुजाताने कहा कि हमारी जो एवरेज बुकिंग है, वह लगभग 50 से 55 लाख बुकिंग प्रतिदिन है। अब यह बढ़कर लगभग 75-76 लाख तक पहुंच गई है।ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के कॉल सेंटर में सीट्स को बढ़ाकर 400 कर दिया गया है और टेलीफोन लाइनों की संख्या भी बढ़ाकर 50 कर दी गई है, ताकि लोग वहां पर अपना ग्रीवेंस रजिस्टर करा सकें। उन्होंने कहा कि एलपीजी का प्रेशर कम करने के लिए लोग पीएनजी का कनेक्शन लें तो बेहतर है। अभी देश में 7 लाख लोग ऐसे हैं, जो सीधे पीएनजी पर शिफ्ट हो सकते हैं।

रोजाना 76 लाख सिलेंडर बुक हो रहे जंग से पहले 55.7 लाख होते थे



मुंबई में तेज धूप के बीच गैस सिलेंडर के लिए लगी लंबी लाइन

**सरकार की अपील- अफवाहों से बचें, पैनिक बाइंग न करें**

**केंद्र ने राज्यों को दिए जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के निर्देश**

### कई राज्यों में हालात पर रोजाना ब्रीफिंग

उन्होंने कहा कि ब्लैक मार्केटिंग और होर्डिंग पर भी एक्शन लिया जा रहा है। उप्र कर्नाटक व मप्र में एक्शन लिया गया है। सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस और सेक्रेटरी कंज्यूमर अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने बैठक की है। इसमें राज्यों और यूनियन टेरिटरीज के फूड एंड सिविल सप्लाइज डिपार्टमेंट के सभी सेक्रेटरीज शामिल थे और उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया है।

### संयुक्त सचिव ने यह भी कहा?

- देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।
- देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।
- रिफाइनरियों में एलपीजी का घरेलू उत्पादन लगभग 30 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है।
- राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे जिलों में ऐसे स्थान चिन्हित करें जहां केंद्र सरकार द्वारा मंजूर अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन का वितरण किया जा सके।
- वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोल इंडिया को छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं के लिए कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।
- भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है। और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है।

### ईरान के राजदूत का बड़ा बयान

#### भारत दोस्त है और होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित रास्ता देंगे



मोहम्मद फथली

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली ने संकेत दिया है कि भारत को महत्वपूर्ण वैश्विक जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग मिल सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग मिलेगा, तो फथली ने कहा, जी हां, क्योंकि भारत हमारा मित्र है। हमारे हित और आस्थाएं एक समान हैं। भारत में राजदूत के रूप में, मैं यह कहना चाहता हूं कि युद्ध के बाद इस स्थिति में भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में हमारी सहायता की। फथली ने कठिन समय में ईरान को भारत द्वारा दिए गए समर्थन का भी उल्लेख किया। आप इसे दो-तीन घंटे में देखेंगे।



### बरही के कृषि महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन आज

#### बरही नगर में रोड शो के बाद हजारों किसानों को सौगातें देंगे मुख्यमंत्री

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधानसभा के बरही क्षेत्र के किसानों को 50,000 एकड़ भूमि को सिंचित करने वाली उनके खेतों तक पानी पहुंचाने की दो परियोजनाओं को देने के बाद क्षेत्र के किसानों के आमंत्रण के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज14 मार्च शनिवार को बरही नगर में आगमन हो रहा हैं। जहां मुख्यमंत्री यादव बरही नगर आगमन के बाद 2 किलोमीटर लंबा रोड शो के माध्यम से नगर की जनता के बीच जनदर्शन करेंगे इस दौरान नगर की जनता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा एवं मालाओं से स्वागत किया जाएगा।इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विजयनाथ धाम परिसर के मेला ग्राउंड में आयोजित कृषि महोत्सव कार्यक्रम में 300 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण करेंगे इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 30 पंचायतों के खेतों को सिंचित करने वाली 650 करोड़ की लागत से बनने वाली दो परियोजनाओं एवं 94 करोड़ रुपए से बरही मैहर मार्ग पर कुटेश्वर पुल के क्षति ग्रस्त हिस्से पुनः निर्माण की उपलब्धि देंगे ।इस अवसर पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक बरही में लगातार कार्यक्रम की तैयारियों पर अधिकारियों के साथ लगे हुए थे इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का क्षेत्र में आगमन और मिलने वाली ऐतिहासिक सौगातें विजयराघवगढ़ के विकास, बल्कि हमारे किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि के लिए एक निर्णायक कदम होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों सहित किसानों से अधिक से अधिक संख्या में कृषि महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार धन्यवाद व्यक्त करने का आवाहन किया।

### दो छात्रों की मौके पर मौत पिता और एक छात्र गंभीर

**रहली।** सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को रहली-पिपरगौर मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बुलेट मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता और एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पिपरगौर निवासी राजेंद्र सिंह अपने परिवार के बच्चों को रहली स्थित क्रस्ट कॉन्वेंट स्कूल से परीक्षा दिलाकर वापस घर लौट रहे थे। वे चारों एक ही बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार थे। जैसे ही उनकी बाइक रहली-पिपरगौर मार्ग पर पहुंची, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि मोटरसाइकिल सवार दो छात्र, शिवाय (पिता सोहन) और विश्वजीत (पिता राजेंद्र सिंह) की मौके पर ही मौत हो गई।

## औद्योगिक क्षेत्र रिछाई देगा शहर विकास में योगदान

### 15 वर्षों का टैक्स जमा न करने का गतिरोध हुआ समाप्त

**जबलपुर।** संस्कारधानी के प्रमुख औद्योगिक केंद्र रिछाई और उसके आस-पास के शहरी क्षेत्रों में अब व्यवस्थित रूप से बुनियादी सुविधाओं से संबंधित विकास के कार्य कराये जायेगें। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज सुबह अधिकारियों के साथ रिछाई औद्योगिक क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की मौजूदा स्थिति का जायजा लेना और बुनियादी सुविधाओं को सुव्यवस्थित कर उन्हें आधुनिक स्वरूप प्रदान करना था। शहर के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सुबह-सुबह ही औद्योगिक क्षेत्र के चप्पे-चप्पे का निरीक्षण किया। उन्होंने न केवल मुख्य सड़कों बल्कि गलियों में जाकर भी सफाई व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले दिनों में इन कार्यों पर प्राथमिकता से काम होगा, सड़कों की नियमित सफाई के साथ-



साथ दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। क्षेत्र की सुरक्षा और सुगमता के लिए पर्याप्त और आधुनिक स्ट्रीट लाइट्स भी लगाई जाएंगी। निरीक्षण के बाद निगमायुक्त श्री अहिरवार के साथ उद्योगपतियों की आज बैठक हुई और आज ही चेक जमा कराए जाने की सहमति उन सभी के द्वारा प्रदान की गई, इस स्वच्छ माहौल एवं शहर विकास में साकारात्मक योगदान देने के लिए निगमायुक्त ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपस्थित सभी उद्योगपतियों का स्वागत किया। इस अवसर पर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश में दो ट्रेन हादसे, यात्री सुरक्षित

महिला यात्री को मामूली चोट, यात्रियों में हड़कंप



सतना के पास उचेहरा रेलवे स्टेशन के पास की घटना

**शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का एक कोच बेपटरी, शटल ट्रेन के पहिए में धुआं उठा**

**भोपाल।** मप्र में दो जगहों पर ट्रेन दुर्घटना हुईं। एक जगह ट्रेन बेपटरी हुई तो दूसरी जगह एक पहिए से धुआं उठने लगा। शहडोल से नागपुर की ओर जा रही शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस के साथ शुक्रवार बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। नैनपुर से केवलारी के बीच ट्रेन के पहिए अचानक पटरी से नीचे उतर गए। पटरी से उतरते ही ट्रेन में तेज झटका महसूस हुआ, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध पर संघ का बयान

# जंग जल्द से जल्द खत्म होनी चाहिए, वहां पर रहने वाले हिंदू संगठनों से संघ संपर्क में

यूजीसी पर कहा जो भी कुछ असंतुलन हुआ है कोर्ट ने संज्ञान लिया है, सरकार भी प्रयास करेगी

एजेंसी ⏭ समालखा

हरियाणा के समालखा में शुक्रवार से 3 दिन तक चलने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू हुई। संघ की गतिविधियों के संबंध में समालखा में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा




कि इस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का इस वर्ष महत्व ज्यादा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है।

#### शाखाओं की वृद्धि 5000

बैठक में जानकारी दी गई है कि संघ की शाखाओं के आंकड़े में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। कुल शाखाओं की वृद्धि 5000 हुई है। अब तक संघ 10 करोड़ परिवार तक पहुंच चुका है। तीन लाख से ज्यादा गांव तक पहुंच चुका है। 55 हजार के आसपास मुस्लिम घरों में, 54 हजार क्रिश्चियन घरों में संघ के स्वयंसेवक गए, हर जगह उनका स्वागत हुआ। अब तक 36 हजार हिंदू सम्मेलन किए हैं और अभी और भी हिंदू सम्मेलन अपेक्षित है।

## गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर... दो दिन बाद बारिश-बादल का अलर्ट

नर्मदापुरम, रतलाम और धार में चली गर्म हवाएं

# 10 शहरों में पारा 38 पार नर्मदापुरम 40.2 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मार्च का महीना गर्मी को लेकर भारी पड़ता नजर आ रहा है, जिसके तहत दूसरे हफ्ते में ही प्रदेश में गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। शुक्रवार को सीजन में पहली बार नर्मदापुरम, रतलाम और धार में गर्म हवाएं चलीं। नर्मदापुरम 40.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। जबकि 10 शहरों में पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया। हालांकि रातें गर्म नहीं होने से लोगों को राहत है। अगले दो दिन बाद पूर्वी क्षेत्र में एक विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश, बादल का मौसम बन सकता है।



दोपहर 3 बजे का दृश्य

### रविवार से बदलेगा मौसम

15 और 16 मार्च को प्रदेश में बारिश, बादल और गरज-चमक वाला मौसम रह सकता है। मौसम विभाग ने 14 मार्च को सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दो दिन तक अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि रविवार और सोमवार को ग्वालियर-जबलपुर समेत 16 जिलों में बारिश हो सकती है। रविवार को ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश-बादल का मौसम होगा,।




# ईरान का दावा- इराक में मार गिराया अमेरिकी रिफ्यूलिंग विमान, यूएस कमांड ने 'नकारा'



अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा जारी तस्वीर जिसमें क्रैश होने से पहले ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान अमेरिकी वायु सेना का एक केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर मध्य पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एफ/ए-18एफ सुपर हॉर्नेट को ईंधन भरता हुआ।

अमेरिका - ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट



इजराइल के जारजिर शहर पर ईरानी मिसाइलों से क्षतिग्रस्त घर व कार

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सैन्य केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने दावा किया है कि पश्चिमी इराक में सक्रिय विद्रोही गुटों ने अमेरिका के एक सैन्य विमान को मिसाइल से मार गिराया है। यह विमान एक रिफ्यूलिंग विमान था। इस घटना में विमान में सवार सभी 6 सैनिकों की मौत हो गई है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क विभाग ने बयान में कहा गया कि रेजिस्टेंस फ्रंट के एयर डिफेंस सिस्टम ने बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर को उस समय निशाना बनाया, जब वह एक लड़ाकू विमान में ईंधन भर रहा था।

## हमले में नहीं गिरा विमानः यूएस

दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'एक्स' पर विमान के गिरने की बात तो मानी है, लेकिन किसी भी तरह के हमले से साफ इनकार किया है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान उनका एक बोइंग केसी-135 विमान इराक के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना मित्र देश के हवाई क्षेत्र में हुई। इस अभियान में दो विमान शामिल थे। इनमें से एक विमान पश्चिमी इराक में गिर गया, जबकि दूसरा विमान सुरक्षित उतरने में कामयाब रहा। अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया कि यह हादसा किसी दुश्मन की गोलीबारी की वजह से नहीं हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मौके पर बचाव कार्य चल रहा है।

### देखना इन पागलों का क्या हाल करता हूंः अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि देखते रहिए इन पागलों के साथ क्या होता है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है, वायुसेना भी अब नहीं रही और उसके मिसाइल, ड्रोन व अन्य सैन्य संसाधनों को नष्ट किया जा रहा है। ईरान के कई नेता भी मारे जा चुके हैं। ट्रंप ने लिखा कि ईरान ने 47 साल तक दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारा है और अब मैं, अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति, उन्हें खत्म कर रहा हूं।

## ईरानी स्कूल के पीड़ितों की मदद करेगा चीन



चीन ने कहा कि वह ईरान के प्राथमिक स्कूल पर हुए हालिया हमले में मारे गए छात्रों को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना ने ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### 48 घंटे में 3 नाटो देश पर ईरान का हमला

पिछले 48 घंटों के भीतर ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया गुटों ने सीधे तौर पर तीन नाटो सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के इस युद्ध में सीधे तौर पर कूदने की आशंका भी बढ़ा दी है। पहली घटना इराक के इरबिल से करीब 40 किलोमीटर दूर एक प्रशिक्षण केंद्र में हुई, जहां ड्रोन हमले में फ्रांसीसी सेना के अधिकारी अर्नो फ्रेयन की मौत हो गई, जबकि कम से कम छह अन्य सैनिक घायल हो गए। बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे सैनिकों पर हमला अस्वीकार्य है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाब देना होगा। इराक के इरबिल में ही एक अन्य सैन्य ठिकाने को भी निशाना बनाया गया, जहां इटली के सैनिक तैनात हैं। मिसाइल हमले में बेस के आसपास विस्फोट हुआ। तीसरा हमला तुर्की के प्रसिद्ध इन्किर्लिक एयर बेस पर किया गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल को नाटो की हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हवा में ही रोक लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

### सऊदी अरब को पाक का समर्थन

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ एक विशेष बैठक की। यह मुलाकात जेद्दा में हुई। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया के मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात में सऊदी अरब के लिए अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन दिखाया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय शांति के लिए मिलकर काम करने और रक्षा समझौते के तहत एक-दूसरे की मदद करने पर सहमति जताई।

### श्रीलंका से ईरान भेजे जाएंगे 84 नौसैनिकों के शव



हिंद महासागर में अमेरिकी हमले का शिकार हुए 84 ईरानी नौसैनिकों के शव अब उनके वतन वापस भेजे जा रहे हैं। श्रीलंका सरकार ने कोलंबो कोर्ट के आदेश के बाद इन शवों को ईरान भेजने का काम शुरू हो गया है। इनमें से 45 नाविकों के शव शुक्रवार को ईरान के दूतावास को सौंप दिए। मुख्य मजिस्ट्रेट समीरा डोडंगोडा ने गाले बंदरगाह पुलिस के अनुरोध के बाद 11 मार्च को करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के निदेशक को यह आदेश दिया।

### लद्दाख में इजराइल-अमेरिका के हमले के विरोध में मार्च



लद्दाख में 'यौम-ए-कुद्स' के अवसर पर लेह में हजारों लोग एकत्रित हुए और इजराइल और अमेरिका के हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में एक विरोध मार्च निकाला।

### लोगों से मिले ईरान के राष्ट्रपति

### हाथ मिलाया, सेल्फी ली, फोटो खींची



ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन शुक्रवार को मिसाइल हमलों के बीच सड़क पर लोगों के साथ टहलते देखे गए। अचानक अपने बीच देख ईरानियों ने उनका माथा चूमा, सेल्फी ली और उनके इस साहस को सलाम किया। ईरान की राजधानी तेहरान में कुद्स डे रैली के दौरान अपने बीच राष्ट्रपति पेजेश्कियन को देख हर कोई चौंक उठा। पेज़ेशकियन ने हजारों प्रदर्शनकारियों के बीच शामिल होकर सभी को हैरान कर दिया। इजरायल और अमेरिकी हमलों और जीवन को खतरे के बावजूद उन्होंने भीड़ में घूमकर लोगों से बात की। कई ईरानियों ने उत्साह से उन्हें चूमा, सेल्फी ली और फोटो खींची।


## खबर संक्षेप

### अनिल अंबानी के बेटे से सीबीआई की पूछताछ




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को 228 करोड़ रुपए के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की। जय को शनिवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व सीईओ तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### जम्मू में पाक ड्रोन से गिराया सामान बरामद



**जम्मू।** जम्मू शहर के बाहरी इलाके में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध सामान बरामद किया, जिसे कथित तौर पर एक पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराया गया था। पीले रंग के प्लास्टिक में पैक की गई सामग्री को आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के किनारे एक अग्रिम क्षेत्र से बरामद किया गया। सुबह करीब 11 बजे अग्रिम क्षेत्र से खेप बरामद की गई।

### नदी में गिरा वाहन पुलिसकर्मी की मौत



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में एक वाहन के सड़क से फिसलकर नदी में गिर जाने से एक पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी की मौत हो गई जबकि उनके दो बच्चे घायल हो गए। हादसे में भदेरवाह के मुख्य आरक्षी जुल्फिकार अली और उनकी पत्नी रेहाना बेगम की मौके पर ही मौत हो गई। उनके दो बच्चे अरशद और कामरान घायल हो गए।

### ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव पर विदेश मंत्रालय ने कहा


## बदलती परिस्थितियों पर बारीकी से नजर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत सरकार तेजी से बदलती परिस्थितियों पर बारीकी से नजर रख रही है और अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पीएम ने हाल ही में ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से फोन पर बातचीत की। इस दौरान, पीएम ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर भारत की प्राथमिकताओं पर जोर दिया। पीएम ने भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस मुद्दे को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए। ईरान से बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक सुरक्षित लौट रहे हैं। अभी 170 भारतीय नागरिकों ने आर्मेनिया के रास्ते भूमि सीमा पार की है। इनमें से कई भारत लौट आए हैं और बाकी आने वाले दिनों में वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से भारत वापस आ जाएंगे।

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर की बात

मुद्दे को बातचीत और कूटनीति से सुलझाने की सलाह



अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी

### तीन हादसों में एक नाविक लापता

शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी वाहक जहाजों को प्रमुख बंदरगाहों पर प्राथमिकता से बर्थिंग दी जा रही है। दुर्भाग्यवश, भारतीय नाविकों से जुड़े तीन हताहतों की सूचना मिली है, जिनमें से एक नाविक अभी भी लापता है। इसके अतिरिक्त, चार नाविकों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है।

### फारस की खाड़ी में 24 जहाज मौजूद

*होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में, फारस की खाड़ी में, 24 भारतीय-ध्वजांकित जहाज 677 भारतीय नाविकों के साथ मौजूद हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में, ओमान की खाड़ी में, पहले चार जहाज थे, जिनमें से एक जहाज अब क्षेत्र से निकल चुका है, जिससे तीन भारतीय-ध्वजांकित जहाज 76 भारतीय नाविकों के साथ इस क्षेत्र में बने हुए हैं। पूरे खाड़ी क्षेत्र में लगभग 23,000 भारतीय नाविक कई जहाजों पर कार्यरत हैं।*

### मस्कट में 2 भारतीयों की मौत

*विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन ने मस्कट के सोहर शहर में हुई एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें दो भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो गई और 11 घायल हो गए, जिनमें से 10 भारतीय थे। घायलों में से पांच को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि पांच स्थानीय अस्पतालों में भर्ती हैं। किसी भी गंभीर चोट की सूचना नहीं है। इसके अतिरिक्त, इराक के बसरा के पास एक जहाज 'सेफसी विष्णु' पर हुए हमले के संबंध में जानकारी दी गई। जहाज के 15 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और वे बसरा के एक होटल में ठहरे हुए हैं। मृत भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को वापस लाने और शेष 15 नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के प्रयास जारी हैं।*

### अफगानिस्तान पर पाक का हवाई हमला

## आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया, 4 की मौत

एजेंसी ▶▶ काबुल



अफगान पर पाक का हवाई हमला

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सेना पर काबुल और दक्षिणी प्रांत कंधार में रात भर जारी रहे हवाई हमलों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। तालिबान सरकार ने कहा कि हमले में कम से कम 4 आम नागरिक मारे गए हैं। सरकारी प्रवक्ता जबिहुल्ला मुजाहिद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि पाकिस्तान के विमान ने कंधार हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन 'काम एयर' से संबंधित ईंधन डिपो (ईंधन भंडार केंद्र) पर भी हमला किया। यह कंपनी नागरिक विमानों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमान को ईंधन की आपूर्ति करती है। मुजाहिद ने दावा किया कि पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के पक्तिया और अन्य क्षेत्रों में कई नागरिक स्थलों और निर्जन स्थानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि इन हमलों का जवाब जरूर दिया जाएगा। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि काबुल में बच्चों समेत कम से कम 4 नागरिक मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए।

### बम धमाके में 7 पुलिसकर्मियों की मौत

*पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में शुक्रवार को एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए एक आईईडी बम धमाके में कम से कम सात पुलिसकर्मी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि लक्की मारवत जिले के शादी खेल बेट्टानी इलाके में रसूल खेल चेक पोस्ट के पास नियमित गश्त के दौरान एक पुलिस वाहन आईईडी बम विस्फोट की चपेट में आ गया। उसने बताया कि बम धमाके के चलते थाना प्रभारी आजम, पुलिस वाहन चालक शाह बहराम एवं चार अन्य पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट स्थल से सबूत भी जुटाए जा रहे हैं।*

### आंध्र प्रदेश में डीआरआई की बड़ी कार्रवाई

## 47 करोड़ की अवैध सिंथेटिक ड्रग और 3.5 टन रसायन जब्त, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले के कोंडापल्ली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया में एक गुप्त संयंत्र पकड़ा है, जो अलप्राज़ोलम का उत्पादन कर रहा था।

यह एक साइकोट्रॉपिक पदार्थ है, जिसे नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंसेस एक्ट के तहत नियंत्रित किया जाता है। छापेमारी के दौरान 237 किलो अलप्राजोलम जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 47 करोड़ रुपए है। इस



अभियान को 'ऑपरेशन व्हाइट हैमर' का कोड नाम दिया गया था। इस अभियान में औद्योगिक सेटअप का खुलासा हुआ, जो कथित तौर पर अलप्राज़ोलम का उत्पादन कर रहा था और इसे रासायनिक निर्माण इकाई के आड़ में छिपाया गया था। अधिकारियों ने 800 किलो से अधिक प्रमुख कच्चा माल, 2,860 लीटर विभिन्न रसायन और औद्योगिक उपकरण जैसे रिएक्टर, ड्रायर और सेंट्रीफ्यूज जब्त किए।

### राज्यसभा में बोले केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह

## अंतरिक्ष मिशनों में छात्रों की बढ़ रही भागीदारी, 11 छात्र उपग्रहों का प्रक्षेपण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) ने छात्रों और युवा शोधकर्ताओं को उपग्रह विकास, पेलोड प्रयोगों और अंतरिक्ष अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए कई सुनियोजित पहल शुरू की हैं। इसरो ने ऐसे विशेष कार्यक्रम शुरू किए हैं जिनसे छात्र शोधकर्ताओं को उपग्रह डिजाइन, पेलोड विकास और मिशन प्रयोगों सहित वास्तविक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी परियोजनाओं पर काम करने का अवसर मिलता है। यू आर राव उपग्रह केंद्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे छात्र उपग्रह कार्यक्रम के तहत, शैक्षणिक संस्थानों और छात्र टीमों को इसरो के वैज्ञानिकों के तकनीकी मार्गदर्शन में उपग्रहों के डिजाइन और विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इन छात्र-निर्मित उपग्रहों को इसरो मिशनों के माध्यम से एकीकरण सहायता और प्रक्षेपण के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

इसरो के वैज्ञानिक युवा शोधकर्ताओं का कर रहे मार्गदर्शन



### इंटर्नशिप और परियोजना प्रशिक्षण योजनाएं उपलब्ध

डॉ. सिंह ने बताया कि देश भर के मान्यता प्राप्त संस्थानों के स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट छात्रों के लिए इंटर्नशिप और परियोजना प्रशिक्षण योजनाएं उपलब्ध हैं। ये कार्यक्रम इसरो केंद्रों में व्यावहारिक अनुसंधान का अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे युवा शोधकर्ताओं को उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के साथ सीधे काम करने का अवसर मिलता है। शैक्षणिक भागीदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए, देश के विभिन्न क्षेत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन केंद्र (एसटीआईसी) स्थापित किए गए हैं। ये केंद्र विश्वविद्यालयों और आईएसआरओ के वैज्ञानिकों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देते हैं और छात्रों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन में स्वदेशी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहायता करते हैं।

### आईएन-स्पेस अंतरिक्ष कार्यों को बढ़ावा दे रहा

*मंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देने में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। आईएन-स्पेस ने सीएएन आकार के उपग्रहों और मॉडल रॉकेटों के डिजाइन और विकास पर केंद्रित छात्र प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है, जिसमें लगभग 850 छात्रों की 97 टीमों ने भाग लिया है। आईएन-स्पेस ने अब तक 17 छात्र उपग्रहों और पेलोड को अधिकृत किया है, जिनमें से 11 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया जा चुका है।*

### क्षेत्रीय अंतरिक्ष शैक्षणिक केंद्र स्थापित

*डॉ सिंह ने कहा कि इसरो का रिस्पॉन्ड (प्रायोजित अनुसंधान) कार्यक्रम भारत भर के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।*

आरोपी मनीष कुमार पटेल के खिलाफ पहले से ही चोरी के पांच आपराधिक मामले लंबित हैं

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के आरोपी यूट्यूबर को अग्रिम जमानत नहीं



हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने लड़कियों को लेकर कथित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में आरोपी रीवा के एक यूट्यूबर को राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस राजकुमार चौबे की सिंगल बेंच ने आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। रीवा निवासी निवासी यूट्यूबर मनीष कुमार पटेल के खिलाफ रीवा के सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने वेलेंटाइन वीक के दौरान एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें ब्राह्मण समाज की युवतियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं और फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। गिरफ्तारी की आशंका के चलते आरोपी ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पैनल अधिवक्ता रघुवर प्रजापति और आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि आरोपी मनीष कुमार पटेल के खिलाफ पहले से ही चोरी के पांच आपराधिक मामले लंबित हैं।

### फर्जी रायल्टी से रेत निकासी कराने के आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत नहीं

**जबलपुर।** खनिज विभाग की फर्जी रायल्टी रेत कारोबारियों को देकर रेत निकासी कराने वाले आरोपी शैलेंद्र पटेल उर्फ शैलू को हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिली है। आरोपी की ओर से जमानत आवेदन पर कुछ देर दलील रखने के बाद याचिका वापस लेने का निवेदन किया। जस्टिस संदीप एन भट्ट की सिंगल बेंच ने याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उसे निरस्त कर दी। शासन की ओर से पैनल लॉयर हिमांशु तिवारी ने जमानत आवेदन का विरोध किया। उन्होंने बताया कि जबलपुर खनिज विभाग के द्वारा मझागवां थाने को पत्र के माध्यम से सूचना दी थी कि उक्त आरोपी के द्वारा खनिज विभाग की फर्जी रायल्टी बनवाकर शासन की रेत निकलवाकर शासन व रेत कारोबारियों के साथ धोकाधड़ी की जा रही है। ट्रैक्टर ड्राइवरों को रोक कर रॉयल्टी की जांच की तो पता चला कि आरोपी शैलेन्द्र पटेल द्वारा ड्राइवरों को जो रॉयल्टी दी गई है वो फर्जी है। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से फर्जी रॉयल्टी रसीद एवं मोबाइल जप्त किया है, जिसकी जांच बाकी है। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी है। वहीं आवेदक की ओर से तर्क दिया गया कि उसने कोई भी फर्जी रॉयल्टी नहीं बनाई गई है ना ही किसी को प्रदान की है।

### सिविल सूट लंबित है तो जमीन के विवाद में नहीं की जा सकती आपराधिक कार्रवाई

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि जब जमीन विवाद को लेकर सिविल सूट लंबित है तो उसी मामले में समानांतर रूप से आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती है। इस मत के साथ जस्टिस विनय सराफ की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता के खिलाफ एसडीओ न्यायालय में चल रही कार्यवाही को निरस्त कर दिया। जबलपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह रक्का की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता ने अनावेदक बलविंदर सिंह के खिलाफ संपत्ति विवाद में सिविल कोर्ट में वाद दायर किया था। सिविल कोर्ट ने याचिकाकर्ता के पक्ष में अंतरिम निषेधाज्ञा (इंजंक्शन) भी प्रदान कर दी थी। इसके बावजूद अनावेदक ने एसडीओ गोरखपुर के समक्ष दंड प्रक्रिया से संबंधित कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा निर्देश हैं कि सिविल कोर्ट में लंबित भूमि विवाद में समानांतर रूप से आपराधिक कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकती। एसडीओ की ओर से बताया गया कि अभी केवल नोटिस जारी किए गए हैं, कोई आदेश पारित नहीं किया है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने एसडीओ गोरखपुर के समक्ष लंबित कार्रवाई निरस्त कर दी।

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**

कलेक्टर-एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

## घरेलू रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने करो सख्त कार्यवाही

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय की मौजूदगी में आज शुक्रवार को आयोजित की गई राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के अधिकारियों तथा गैस वितरक एजेंसियों के संचालकों की संयुक्त बैठक में घरेलू रसोई गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं व्यावसायिक उपयोग को रोकने सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में बताया गया कि जिले में रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं को घबराने या अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बैठक में मौजूद राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को घरेलू रसोई गैस के व्यावसायिक इस्तेमाल तथा इनकी जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने होटल, रेस्टोरेंट और रसोई गैस एजेंसियों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अनियमितताएं या नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। कलेक्टर ने अधिकारियों को अनाधिकृत स्थानों पर रसोई गैस सिलेंडर का स्टॉक पाये जाने पर तत्काल जप्त करने तथा एफआरइआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिये हैं। श्री सिंह ने बैठक के माध्यम से नागरिकों से भी अपील की कि वे जरूरत होने पर ही रसोई गैस रिफिल की बुकिंग करें। जिले में रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को तय समय पर रसोई गैस की आपूर्ति किये जाने के निर्देश सभी वितरण एजेंसियों को दिये गये हैं।

अपर कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

## पुस्तक मेला 25 मार्च से प्रारंभ होगा

**जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन 25 मार्च से 5 अप्रैल तक गोलबाजार शहीद स्मारक में किया जायेगा, यहां विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों को पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, स्टेशनरी तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री एक ही स्थान पर प्रतिस्पर्धात्मक एवं उचित मूल्य पर आसानी से उपलब्ध होंगी। पुस्तक मेले के आयोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मेला प्रभारी अपर कलेक्टर अभिषेक गेहलोत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री गेहलोत ने कहा कि यह पुस्तक मेला विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए अत्यंत उपयोगी पहल है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में जिले के सभी विद्यालयों से संबंधित पाठ्यपुस्तकों, गणवेश तथा स्टेशनरी सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि अभिभावकों को विभिन्न स्थानों पर भटकना न पड़े और उन्हें आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर आसानी से प्राप्त हो सके। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मेला परिसर में सुव्यवस्थित स्टॉल, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खान-पान की उचित व्यवस्था भी की जाए।

## लोक निर्माण मंत्री ने उन्नत किसानों को किया सम्मानित

**जबलपुर।** कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा पुलिस लाइन स्थित हॉकी ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला एवं श्री अन्न फूड फेस्टिवल का शुक्रवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह में समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह थे। इस अवसर पर उन्होंने जिले के उन प्रगतिशील किसानों को पुरस्कृत किया, जो वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के किसानों को समृद्ध व संपन्न बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में कई नवाचार किये जा रहे है, ताकि किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि कृषि की आधुनिक तकनीकों, प्राकृतिक खेती और मिलेट्स को अपनाकर ही किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति के सदस्य श्री राजेश पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कृषि मेला एवं श्रीअन्न फूड फेस्टिवल के दौरान आयोजित जैविक उत्पाद एवं मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को ये पुरस्कार लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने प्रदान किये। प्रतियोगिता में 51 सौ रुपये का प्रथम पुरस्कार आजीविका मिशन को, द्वितीय पुरस्कार में 31 सौ रुपये पातालकोट की रसोई को, तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 सौ रुपये मिलेट्स फूड को तथा 11 सौ रुपये का चतुर्थ पुरस्कार के मिलेट मैनिया को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही मेले में शामिल हुए सभी स्टॉल संचालकों को सहभागिता पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मेले के विशेष आकर्षण के रूप में जिले के सफल किसानों की कहानियों का प्रदर्शन किया गया, जिससे अन्य किसानों को नई दिशा मिल सके।

मेला एवं फूड फेस्टिवल के समापन समारोह में छिंदवाड़ा जिले के उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे। मेला के समापन पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने सभी किसानों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कृषि मेला एवं श्रीअन्न फूड फेस्टिवल के आयोजन को सफल बनाने में सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी, श्रीमति प्रतिभा गौर, श्रीमति कीर्ति वर्मा, श्रीमति मनीषा पटेल, श्रीमति अराधना सिंह एवं श्रीमति रश्मि मोदी के सक्रिय सहयोग की सराहना भी की। इसके पहले कृषि मेला एवं श्रीअन्न फूड फेस्टिवल के समापन सत्र की शुरुआत तकनीकी सत्र से हुई। तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं का समाधान किया। डॉ एस बी अग्रवाल ने दलहनी फसलों की उन्नत तकनीक बताई। डॉ एम एल केवट ने तिलहन फसलों के उत्पादन पर प्रकाश डाला। श्री सुरेश पहाड़े ने लघुधान्य (मिलेट्स) फसलों की मार्केटिंग स्ट्रेटजी साझा की। डॉ ए के सिंह ने इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय बताए। ताराचंद बेलजी द्वारा प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## वित्त वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत आज

हरिभूमि जबलपुर।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि 14 मार्च को वित्तीय वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में शासन के निर्देशानुसार किया गया है, जहाँ पर करदाता अपने संपत्तिकर, जलकर या अन्य बकाया करों की राशि जमा कर छूट का लाभ ले सकते हैं। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने अभूतपूर्व कदम उठाया है। नगर निगम मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों के कैश काउंटर सुबह 08:00 बजे से लेकर रात 12:00 बजे तक खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि कामकाजी लोग भी अपनी ड्यूटी के बाद आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकेंगे।

**प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी नागरिक बिना सुविधा के वापस न जाए। यह केवल कर जमा करने का दिन नहीं है, बल्कि पेनल्टी और ब्याज से मुक्ति पाने का एक उत्सव है।**


निगमायुक्त ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी, उन्होंने बताया कि छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा कराई जायेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई जायेगी, शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

निगमायुक्त ने कहा कि 15 मार्च के बाद किसी भी प्रकार की छूट का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसी को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से नागरिकों से अपील की है कि वे इस लोक अदालत में दी जारी छूट का लाभ उठाएं और शहर के विकास में अपना योगदान दें।

करदाताओं के समय को बचाने के लिए मुख्यालय सहित सभी संभागीय कार्यालयों में विशेष हेल्प डेस्क और अतिरिक्त काउंटर लगाए गए हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी नागरिक बिना सुविधा के वापस न जाए। यह केवल कर जमा करने का दिन नहीं है, बल्कि पेनल्टी और ब्याज से मुक्ति पाने का एक उत्सव है।

## सतपुला बाजार में मधुमक्खियों का हमला, 'आपका होटल' के कर्मचारी और राहगीर घायल



**जबलपुर।** जीसीएफ स्टेट सतपुला बाजार में शुक्रवार को सुबह 11 से 12 बजे के बीच अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ शरारती तत्वों ने मधुमक्खियों के छत्ते पर पत्थर फेंक दिए। पत्थर लगने से भड़क गए मधुमक्खियों के झुंड ने पास स्थित 'आपका होटल' के कर्मचारियों पर हमला कर दिया। अचानक हमले से होटल कर्मचारियों और आसपास के राहगीरों में डर का माहौल बन गया। घायल हुए कर्मचारियों और राहगीरों ने अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागकर छुपने की कोशिश की। घटना के कारण सतपुला बाजार क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाए और बाजार क्षेत्र में बने मधुमक्खियों के छत्तों को सुरक्षित तरीके से हटाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।



होटल-रेस्टोरेंट, केटरिंग कारोबार संकट में

## गैस की किल्लत शादी के व्यंजन मेन्यू में होने लगी कटौती

**जबलपुर।** शहर में एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत अब सीधे तौर पर होटल और खानपान कारोबार पर असर डालने लगी है। शादी के मेन्यू में कैंची चलने लगी है। केटरिंग कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि जहां पहले शादी में 20 से 40 प्रकार के व्यंजन बनते थे अब उसमें 40 प्रतिशत की कटौती कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई बाधित होने से छोटी-छोटी चाय-नाश्ते की दुकानें बंद रहने को मजबूर हैं, वहीं बड़े होटलों और कैटरिंग कारोबार में भी संकट की स्थिति बन गई है। शादी समारोहों और पार्टी आयोजनों में व्यंजनों की संख्या घटा दी गई है, जिससे ग्राहकों और कारोबारियों दोनों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। होटल संचालकों का कहना है कि पहले जहां एक शादी समारोह में 20 से 40 प्रकार के व्यंजन तैयार किए जाते थे, वहीं अब गैस की कमी के कारण मुश्किल से 9 से 10 आइटम ही बन पा रहे हैं। कई कैटरर्स ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहे, जिसके कारण बड़े ऑर्डर लेने से भी बचना पड़ रहा है।

### शादी सीजन पर पड़ा प्रभाव

वर्तमान में चल रहे शादी सीजन में गैस संकट ने आयोजनों की रौनक फीकी कर दी है। कई परिवारों को अंतिम समय में मीनू में बदलाव करना पड़ा है। कुछ आयोजनों में तंदूरी और गैस आधारित व्यंजन हटाकर सीमित मेनू रखा गया है। होटल व्यवसायियों का कहना है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो उन्हें बुकिंग रद्द करने की नौबत आ सकती है। दरअसल शादियों में भोजन से ज्यादा, चाट चटनी और अन्य तरह के व्यंजन तैयार किए जाते है जिनमें आमतौर पर आलू चाप चाट, डोसा, चीला, चायनीज, मिक्स वेज, और कई प्रकार के मीठा व दूध, आदि व्यंजनों पर कुछ तैयार करने के साथ-साथ काउंटर पर भी रसोई गैस की आवश्यकता होती है, अब चाट चटनी कम होने के साथ मिठाई का दायरा भी सिमट गया, अब दाल चावल सब्जी रोटी और पूड़ी और एक मीठे पर कहानी अटक गई।

### छोटी दुकानों पर सबसे ज्यादा असर

शहर के बाजारों में कई ठेला-खोमचा संचालक और छोटे होटल मालिकों ने अस्थायी रूप से दुकानें बंद कर दी हैं। उनका कहना है कि घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने पर कार्रवाई का डर है और कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहे। ऐसे में रोज कमाने-खाने वाले व्यापारियों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है।

### प्रशासन और आपूर्ति की स्थिति

प्रशासन का कहना है कि गैस वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित करने के प्रयास जारी हैं और कालाबाजारी पर सख्ती बरती जा रही है। अधिकारियों के अनुसार आपूर्ति में अस्थायी व्यवधान की स्थिति है, जिसे जल्द सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल शहर में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं और उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारी वर्ग भी समाधान की प्रतीक्षा कर रहा है। अगर कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई जल्द बहाल नहीं हुई तो इसका व्यापक असर शहर की अर्थव्यवस्था और सामाजिक आयोजनों पर पड़ सकता है।

### फरार आरोपी तलवार लेकर घूमते हुये पकडा गया

**जबलपुर।** गढ़ा थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान सर्वेन्ट क्वाटर रोड के सामने एक फरार आरोपी को तलवार लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से तलवार जब्त की है। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान सर्वेन्ट क्वाटर रोड के सामने अपराध करने की नीयत से तलवार लेकर खड़े कैलाशपुरी गुप्तेश्वर बूढ़ी खेरमाई मंदिर के पास निवासी 35 वर्षीय दीपेश तिवारी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तलवार जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। बताया गया है कि पकड़ा गया आरोपी दीपेश तिवारी के विरूद्ध अवैध वसूली, मारपीट, तोड़फोड़, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के 22 अपराध पंजीबद्ध है जो थाना गढा के मारपीट एवं आबकारी एक्ट मे फरार था आरोपी दीपेश को थाना गढा में पूर्व में धारा 34 ए आबकारी एक्ट तथा 138/26 धारा 296 बी, 333, 119 (1), 115(2), 351(2), 324(4), 3(5) बीएनएस में भी गिरफ्तार किया गया।

पश्चिमी हवाओं के असर से बढ़ी गर्मी, दिन में तेज धूप और रातों में भी बढ़ने लगी गर्माहट

## चिलचिलाती धूप से तपने लगी धरती, पारा 37 डिग्री के पार

**जबलपुर।** मौसम के मिजाज अब पूरी तरह बदल चुके हैं और वातावरण में गर्मी का असर साफ दिखाई देने लगा है। शहर में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे दिन के समय चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान करने लगी है। पारा 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है और इसके साथ ही रातों में भी गर्माहट महसूस होने लगी है। पश्चिमी हवाओं के प्रभाव के कारण तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। दिन में सूर्य की तपिश तीखी हो गई है, जिससे दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल महसूस होने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों ने गर्म कपड़ों को अलविदा कह दिया है और घरों में पंखे चलने लगे हैं। वहीं कूलर और एसी की सफाई तथा रिपेयरिंग का काम भी शुरू हो गया है। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान 37.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 5 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के आसपास रहा। हवा में नमी सुबह के समय 48 प्रतिशत और शाम के समय 14 प्रतिशत दर्ज की गई। सुबह 6 बजकर 19 मिनट पर सूर्योदय हुआ, जबकि सूर्यास्त शाम 6 बजकर 19 मिनट पर हुआ। इस दौरान उत्तर-पश्चिम दिशा से हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है और तापमान में और वृद्धि हो सकती है। मौसम के बदलते तेवरों को देखते हुए लोगों को दोपहर के समय धूप से बचने की सलाह दी गई है।



खजुराहो के मिशनरी स्कूल की प्रिंसिपल की याचिका खारिज

## धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में एफआईआर निरस्त करने से इनकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने खजुराहो के कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर निरस्त करने से इनकार कर दिया। जस्टिस विनय सराफ की सिंगल बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप है। इसलिए एफआईआर खारिज नहीं की जा सकती। कोर्ट ने कहा कि विचारण न्यायालय ही मामले का निराकरण करेगी।

खजुराहो स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर भाग्या ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर एफआईआर को चुनौती दी थी। दरअसल , स्कूल की पूर्व शिक्षिका रूबी सिंह ने प्रिंसिपल सिस्टर भाग्या के खिलाफ खजुराहो थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि प्रिंसिपल सिस्टर भाग्या उस पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रही थीं। उसने ऐसा करने से मना किया, तो नौकरी से निकाल दिया। याचिकाकर्ता प्रिंसिपल की ओर से तर्क दिया गया कि शिक्षिका रूबी सिंह की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं थी, इसलिए उन्हें हटाया गया था। इस रंजिश के चलते झूठी शिकायत दर्ज कराई गई।राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जांच में प्रिंसिपल के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के गंभीर आरोप हैं। इस मामले मे प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। इसलिए एफआईआर निरस्त नहीं की जा सकती।

## विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहेगी : मंत्री राकेश सिंह

# 24 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के आठ वार्डों में लगभग 24 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इन निर्माण कार्यों में सड़क, नाली, रंगमंच, तालाब सौंदर्यीकरण, टीन शेड, पेवर ब्लॉक, पानी की टंकी आदि शामिल हैं। मंत्री सिंह ने प्रत्येक वार्ड में सभा कर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गंगा तेजी से बह रही है और इसी क्रम में जबलपुर मे भी लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि अभी दो सालो में जबलपुर में 3500 करोड़ रूपये के कार्यों को स्वीकृत किया गया है। पश्चिम विधानसभा में भी तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।



उन्होंने कहा कि जनता ने चुनाव में जिस भावना से खुल कर आशीर्वाद दिया और उसी अनुरूप विकास के कार्य हो रहे हैं। चुनाव के दौरान जिन विकास कार्यो का आश्वासन दिया गया था, उन्हें तो पूरा कर ही रहे हैं, साथ ही जनता के लिये अन्य आवश्यक विकास कार्यों को मूर्त रूप में ला रहे हैं। मंत्री सिंह ने जबलपुर के विकास गाथा की जानकारी देते हुये कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओव्हर बनकर तैयार है और अन्य फ्लाई ओव्हर भी बनेंगे। नर्मदा के घाट को भव्यतम व सुविधाजनक रूप से विकसित किया जायेगा, जो देश में सबसे सुंदरतम घाटों में गिना जायेगा, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आयेंगे।उन्होंने कहा कि जबलपुर के विकास को नई उचाईयां देने के लिए रोप-वे की कार्ययोजना है, जो शीघ्र ही पूरा होगा। इसके साथ ही उन्होंने शहर में किये गये कई विकास कार्यों की जानकारी दी। मंत्री सिंह ने कहा कि वे हमेशा जबलपुर के विकास के लिए समर्पित हैं, मंत्री होने के नाते पूरे प्रदेश में विकास कार्यों के लिए जाना पड़ता है, लेकिन सबसे ज्यादा नज़र पश्चिम विधानसभा में होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम विधानसभा में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहेगी। जहां-जहां जनता को विकास की आवश्यकता होगी उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।ठाकुरताल में 300 करोड़ की लागत से आकर्षक जू बनाया जायेगा, जो पर्यटन, रोजगार व अध्यात्म का आकर्षक केन्द्र होगा। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जनता की कठिनाईयों को दूर करने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे जनता के प्रति जवाबदेह बने और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

कार्यक्रम के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, अभय सिंह ठाकुर, पंकज दुबे, पार्षद राहुल साहू, जीतू कटारे, पूजा राम पटेल, प्रिया संजय तिवारी, दिलीप पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, शैलेन्द्र विश्वकर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व जन सामान्य मौजूद थे।

## फरार आरोपी तलवार लेकर घूमते हुये पकडा गया

**जबलपुर।** गढ़ा थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान सर्वेन्ट क्वाटर रोड के सामने एक फरार आरोपी को तलवार लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से तलवार जब्त की है। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान सर्वेन्ट क्वाटर रोड के सामने अपराध करने की नीयत से तलवार लेकर खड़े कैलाशपुरी गुप्तेश्वर बूढ़ी खेरमाई मंदिर के पास निवासी 35 वर्षीय दीपेश तिवारी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तलवार जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। बताया गया है कि पकड़ा गया आरोपी दीपेश तिवारी के विरूद्ध अवैध वसूली, मारपीट, तोड़फोड़, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के 22 अपराध पंजीबद्ध है जो थाना गढा के मारपीट एवं आबकारी एक्ट मे फरार था आरोपी दीपेश को थाना गढा में पूर्व में धारा 34 ए आबकारी एक्ट तथा 138/26 धारा 296 बी, 333, 119 (1), 115(2), 351(2), 324(4), 3(5) बीएनएस में भी गिरफ्तार किया गया।



## 9 ब्राह्मण बटुकों ने धारण किया यज्ञोपवीत

### बाबाताल में ब्रतबंध संस्कार का आयोजन

**सिहोरा।** नगर के सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में विश्व शांति मानव कल्याणार्थआयोजित हवनात्मक तथा अभिषेकात्मक महारुद्र यज्ञ में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार ब्रतबंध का आयोजन यज्ञ समिति द्वारा शुक्रवार को किया गया जिसमें भकरवारा,पनागर,पठरा उमरिया,रांझी,सिहोरा के करीब 9 ब्राह्मण बटुकों का पंडित केशव प्रसाद शास्त्री,पंडित रमन तिवारी,पंडित ब्रजेश तिवारी,पंडित रामकुमार उपाध्याय ने पूरे विधि-विधान से यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया। विदित हो लगातार 37 वें वर्ष यज्ञ का आयोजन भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा से किया जा रहा है जिसमें विशाल मेला के साथ रामलीला एंव श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन किया गया है। यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया 18 मार्च तक आयोजित महारुद्र यज्ञ में सिहोरा खितौला के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त गण पहुंचकर यज्ञ भगवान की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में हनुमान बिल्हा, ललित दुबे, इन्द्रकुमार पांडे, मुंडी बर्मन, मोहित बर्मन,भूरा पटेल,बिंदेश्वरी काछी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## एमपी ट्रांसको ने बिसनूर सबस्टेशन में स्थापित किया

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी(एम पी ट्रांसको)ने बैतूल जिले की बिजली व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए 132 के.व्ही. सबस्टेशन बिसनूर (मुलताई) में एक 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उजीकृत कर दिया है। इससे बैतूल जिले की पारेषण प्रणाली को विश्वसनीयता मिलने के साथ मुलताई क्षेत्र के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उचित वोल्टेज पर प्राप्त हो सकेंगी साथ ही सबस्टेशन में दूसरा ट्रांसफार्मर लगने से सिस्टम को फ्लेजीबिल्टी मिल सकी है।

## सिहोरा कालेज के प्राचार्य डॉ.श्रीवास्तव राज्य स्तरीय संचालन समिति में शामिल

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार और बेहतर मूल्यांकन के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। आयुक्त उच्च शिक्षा,मध्य प्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पूर्व में संचालित 'स्टेट लेवल नैक सेल का विस्तार करते हुए अब 'स्टेट असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन सेल एसएएसी का गठन किया गया है इस राज्य स्तरीय संचालन समिति में सिहोरा के शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए



अकादमिक उन्नयन के क्षेत्रों में मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता प्रदान करना है। यह समिति एनएएसी के बाइनरी एक्रिडिटेशन हेतु बेहतर ग्रेडिंग रैंकिंग नवाचार और इनक्यूबेशन संस्थानों में स्टार्टअप की स्थापना डाटा प्रबंधन जैसे विषयों की कार्य योजना तैयार करेगी। डॉ.श्रीवास्तव के साथ इस समिति में प्रदेश के अन्य ख्यातिलब्ध शिक्षाविदों को शामिल किया गया है। नियुक्ति पर स्थानीय शिक्षा जगत और महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी विशेषज्ञता का लाभ अब पूरे प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को मिल सकेगा।

## रेलवे ग्राउंड में चल रही आरपीएफ की चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल आज

**जबलपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (RPF), पश्चिम मध्य रेलवे के नेतृत्व में रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता–2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का मार्गदर्शन महानिरीक्षक श्री राजीव यादव कर रहे हैं। इस साल कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं और सभी मैचों का यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है, जिससे दर्शक घर और कार्यस्थल से भी मैच का आनंद ले सकते हैं। आज खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया:पहला मैच: GRC बनाम MP Police जबलपुर- GRC ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 140 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए MP Police टीम 129 रन पर ऑल आउट हुई। GRC के रवि को 59 रन बनाने



और 2 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि रहे टीआई सिविल लाइन, श्री अनूप सिंह।दूसरा मैच: RPF बनाम MPSAF जबलपुर- RPF ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 15 ओवर में 161 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए MPSAF की टीम 99 रन पर ऑल आउट हुई। RPF के राजीव खरब को 29 रन बनाने और 2 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि: निरीक्षक RPF CIB जबलपुर, बचन देव।

आज के मैचों के निर्णायक थे त्रिलोक नायडू, असलम अली और हसन अली। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिससे पूरे स्थल पर उत्साह का माहौल बना रहा।

सेमीफाइनल (14 मार्च 2026): पहला सेमीफाइनल: JAK Army बनाम MP Police जबलपुर। दूसरा सेमीफाइनल: RPF बनाम GRC Army। प्रतियोगिता के इस चरण में खिलाड़ियों का प्रदर्शन रोमांचक रहा और दर्शकों ने उनका उत्साहवर्धन किया।



## नालियां चोक होने से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, वार्डवासी परेशान

**मझौली।** नगर परिषद मझौली के कई वार्डों में नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से जल निकासी व्यवस्था बाधित हो गई है और कई स्थानों पर कीचड़ फैल गया है। वार्डवासियों के अनुसार नालियों में कचरा और गाद जमा होने से पानी का बहाव रुक गया है, जिसके कारण घरों के सामने और मुख्य मार्गों पर गंदा पानी जमा हो रहा है। इससे आने-जाने में दिक्कत हो रही है तथा बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से नालियों की जल्द सफाई कराने और जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। वार्डवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर समस्या के समाधान की मांग की है।

## बरेला में नेशनल लोक अदालत आज

**बरेला।** शासन के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026, शनिवार को नगर परिषद बरेला में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संपत्ति कर, जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभारों में विशेष छूट प्रदान की जाएगी।नगर परिषद बरेला ने सभी बकाया करदाताओं से अपील की है कि वे अपना बकाया कर समय रहते जमा कराएँ। इसके साथ ही कर भुगतान के लिए डिजिटल और ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है। करदाता अपने घर बैठे UPI या अन्य डिजिटल माध्यम से कर का भुगतान कर सकते हैं। नगर परिषद ने सभी करदाताओं से अनुरोध किया है कि वे सुविधाजनक और सुरक्षित तरीके से ऑनलाइन भुगतान का उपयोग करें और समय पर अपने बकाया करों का निपटान करें।



## जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का किया आयोजन

**पनागर।** भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार माय भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नचिकेता महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 12 मार्च को नचिकेता महाविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण त्रिपाठी (रजिस्ट्रार, DNLU) रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. आर. चंद्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर. एस. चंदेल एवं प्रो. शशांक पाठक उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. शैलेश प्रसाद, डॉ. अरुणा, अतुल पांडे एवं राहुल बोहरे शामिल रहे। कार्यक्रम में "आपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे। इस अवसर पर समाज एवं युवा क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए अतुल पांडे और रमेश परिहार को उत्कृष्ट युवा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भौमिक नामदेव, द्वितीय आदित्य अवस्थी, तृतीय नयन जैन, चतुर्थ सृष्टि सोनी और पंचम तनिष्का सुलाखे ने प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागी 19-20 मार्च को भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी हर्षल सिद्धार्थ तलसकर ने आभार व्यक्त किया।

## घरेलू सिलेंडर के दुरुपयोग पर होगी कड़ी कार्रवाई

### सिहोरा-मझौली के होटल संचालकों की हुई बैठक



**सिहोरा।** कलेक्टर के निर्देश पर सिहोरा और मझौली तहसील क्षेत्र के होटल,रेस्टोरेंट व ढाबा संचालकों की बैठक आयोजित कर गैस सिलेंडर उपयोग को लेकर प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए। बैठक में तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजाम ने कहा घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पर शक्त कार्रवाई होगी। बैठक में नायब तहसीलदार जघभान सिंह ऊईके तथा जेएसओ निशा सावरे भी उपस्थित रहीं।

#### शहरी क्षेत्र में होगी 25 दिन के अंतराल में बुकिंग

अधिकारियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के अंतराल में होगी। घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे पैनिक न हों गैस एर्जेसियों में घरेलू सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही होटल, रेस्टोरेंट व ढाबों में घरेलू सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। यदि कहीं घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पाया गया तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।छात्रावास, अस्पताल में होगी ।

#### कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति

बैठक में होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा रहे कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक और खरीद की रसीदें सुरक्षित रखें क्योंकि प्रशासन की टीम सचिव व पटवारी के साथ कभी भी जांच के लिए पहुंच सकती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति निजी क्षेत्र में बंद है जबकि शासकीय अस्पतालों और छात्रावासों को इसकी सप्लाई जारी रहेगी। वहीं व्यापारियों ने प्रशासन से डीजल भट्टी या चूल्हे के उपयोग की अनुमति देने की मांग रखी जिस पर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करने की बात कही। इस अवसर पर अनेक होटल रेस्टोरेंट के संचालक उपस्थित थे।

## धान भुगतान को लेकर मझौली में विरोध प्रदर्शन, सीएम और विधायक का पुतला दहन

**मझौली।** धान फसल के भुगतान में देरी को लेकर मझौली तहसील क्षेत्र में किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस मझौली ब्लॉक अध्यक्ष आभाष दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव और क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई का पुतला दहन किया। बताया गया कि मझौली तहसील कार्यालय के सामने किसान पिछले एक माह से अधिक समय से धान के भुगतान की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के बाद भी अब तक भुगतान नहीं मिला, जिससे वे आर्थिक संकट से



जूझ रहे हैं और खेती के अगले सीजन की तैयारी भी प्रभावित हो रही है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विधायक द्वारा जल्द भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों का भुगतान जल्द नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, जिला महासचिव दिलीप सिंह राजपूत, ब्रजेश दुबे, दुर्गेश पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अम्बर सिंह राजपूत, हल्कु चौधरी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, लाल चौबे, योगेश चौबे, विनीत सिंह राजपूत, रत्नेश चौबे, मोनू राय, परवेज आलम, युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष ललित सोनी, आभाष दुबे, आशीष पटेल, दीपक जैन, रत्नेश राय, विवेक यादव, सक्षम सिंह, पीयूष तिवारी, मोनू तिवारी, हर्षित सिंह राजपूत, नीरज सिंह राजपूत, राजनंद सिंह राजपूत, रघुराज राजपूत, धर्मराज साहू, पल्लू ठाकुर सहित सैकड़ों किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**श्री राजेश मालवीय-** नई बस्ती गौरीघाट निवासी श्री रमा गोपाल मालवीय के पुत्र श्री राजेश मालवीय (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अजमेर कौर धनौआ-** प्रेमनगर गुरूद्वारा के पीछे मदनमहल निवासी श्री अमर सिंह धनौआ की धर्मपत्नी श्रीमती अजमेर कौर धनौआ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संतोष पाल-** न्यू रामनगर रामपुर निवासी श्री राम किशन पाल के पुत्र श्री संतोष पाल (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुमार समद-** भट्टा मोहल्ला कटनी निवासी श्री अनिल कुमार समद (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंडी चरण दास-** बेलबाग चौराहा के पास निवासी श्री चंडी चरण दास (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवेंद्र कुमार वर्मा-** प्रेमनगर मदनमहल गुलाटी पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री देवेंद्र कुमार वर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आयुष मौर्य-** सिद्धि विनायक कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री ओम प्रकाश मौर्य के पुत्र श्री आयुष मौर्य (24)




का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती बाई चक्रवर्ती-** भानतलैया कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री शेखर चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती मालती बाई चक्रवर्ती (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई श्रीवास-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री खेमचंद श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई श्रीवास (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री तीरथ प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री दीपक चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेश कुमार वर्मा-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सुभाषनगर महाराजपुर निवासी श्री संतोष कुमार वर्मा के पुत्र श्री राजेश कुमार वर्मा (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बसंती सिंह सेंगर-** नवनीत काम्पलेक्स रांझी निवासी श्री गुड्डा सिंह सेंगर की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती सिंह सेंगर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुरभि साहू-** ग्राम फुलर शहपुरा भिटौनी निवासी श्री संदीप सिंह साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सुरभि साहू (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरजू प्रसाद पासी-** गली नं. 14, सदर निवासी श्री सरजू प्रसाद पासी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्रीकांत वाजपेयी-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री श्रीकांत वाजपेयी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. अनीता मलिक-** राजीव गांधी नगर सदर कैंट निवासी श्री देवीदीन मलिक की पुत्री कु. अनीता मलिक (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री लोकमनी कुशवाहा-** सिद्धनाथ रामपुर निवासी श्री लोकमनी कुशवाहा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362110

## खबर संक्षेप



### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कोयंबटूर में खरीदी 44 एकड़ जमीन

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक आवासीय परियोजना के विकास के लिए 44 एकड़ जमीन खरीदी है, जिससे लगभग 450 करोड़ रुपए की राजस्व आय का अनुमान है। कंपनी ने कहा कि उसने सीधी खरीद के जरिए इस जमीन का अधिग्रहण किया है और आगामी परियोजना में आवासीय भूखंडों की पेशकश करेगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा, कंपनी की योजना 11 लाख वर्ग फुट की विकास क्षमता वाली प्रीमियम आवासीय भूखंड परियोजना को विकसित करने की है।

### सात्विक ग्रीन ने परियोजनाओं के लिए बनाई अनुषंगी कंपनी




**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सक्रिय सात्विक ग्रीन एनर्जी ने बैटरी प्रौद्योगिकियों और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के विकास एवं तैनाती पर ध्यान देने के लिए एक पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बनाई है। कंपनी ने कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी 'सात्विक पावर स्टोरेज सॉल्यूशंस' अगले पांच वर्षों में 20 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता के अवसर तलाशने की योजना बना रही है।

### आईईएसए जारी करेगा ऊर्जा भंडारण बाजार पर श्वेत पत्र




**नई दिल्ली।** 'इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस' (आईईएसए) ने कहा कि वह 20 मार्च को 'स्टेशनरी एनर्जी स्टोरेज इंडिया' सम्मेलन में स्थिर ऊर्जा भंडारण बाजार पर एक श्वेत पत्र पेश करेगा। एक बयान के मुताबिक, 'स्टेशनरी एनर्जी स्टोरेज इंडिया' (एसईएसआई), 2026 सम्मेलन का आयोजन 20 मार्च को दिल्ली के 'यशोभूमि' में भारत बिजली शिखर सम्मेलन के मौके पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 10 से अधिक देशों के 300 से अधिक भागीदार शामिल होंगे। आईईएसए ने कहा कि भारत का ऊर्जा भंडारण क्षेत्र अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है।

### 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पहुंचा तेल



**न्यूयॉर्क।** ईरान के साथ युद्ध को लेकर चिंताओं के कारण तेल की कीमतें फिर बढ़कर 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं और दुनिया भर के शेयर बाजार में गिरावट आई। स्टैंडर्ड एंड पुअर्स (एसएंडपी) 1.5 प्रतिशत गिर गया और कुछ दिन की अपेक्षाकृत शांति के बाद इसमें फिर बड़े उतार-चढ़ाव देखने को मिले। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 1.6 प्रतिशत लुढ़क गया और नैस्डैक कंपोजिट 1.8 प्रतिशत टूट गया।

### दार्जिलिंग चाय उत्पादन में और गिरावट



**कोलकाता।** औद्योगिक एलपीजी की अनुपलब्धता के कारण दार्जिलिंग चाय के उत्पादन में और गिरावट आ सकती है और पश्चिम बंगाल जिले में कारखानों को आपूर्ति बाधित होने का खतरा है। चाय संघ ने यह बात कही है। 'दार्जिलिंग टी एसोसिएशन' ने हाल ही में कोलकाता स्थित टी बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन को पत्र लिखकर इस मुद्दे को उठाया। पत्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक परिपत्र का उल्लेख किया गया है, जिसमें सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि उनके द्वारा खरीदी गई एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही उपलब्ध कराई और बेची जाए।

# मर्सिडीज होगी महंगी, अप्रैल से कीमतों में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया मुद्रा की अस्थिरता और बढ़ती लागत के प्रभाव को कम करने के लिए अप्रैल से अपने वाहन की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



मर्सिडीज-बेंज इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) ब्रेंडन सिसिंग ने कहा, 'एक अप्रैल से हम अपने सभी मॉडल की कीमतों में करीब दो प्रतिशत की मूल्य वृद्धि लागू करेंगे।'' न्होंने बताया कि यह फैसला मुख्य रूप से मुद्रा में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव, खासकर रुपए के यूरो के मुकाबले लगातार कमजोर होने और लागत बढ़ने के कारण लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को ऑडी ने भी घोषणा की थी कि वह बढ़ती लागत और रुपए में उतार-चढ़ाव के आंशिक प्रभाव को कम करने के लिए एक अप्रैल से भारत में अपने सभी मॉडल कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी।

**फरवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,77,689 इकाई रही**

# पैसेंजर व्हीकल्स की थोक बिक्री में उछाल, 10.6 प्रतिशत की बढ़त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत बढ़कर 4,17,705 इकाई हो गई। इस दौरान बाजार में सकारात्मक भावनाएं जारी रहीं लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि इससे विनिर्माण एवं निर्यात प्रभावित हो सकते हैं।

उद्योग संगठन सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी में यात्री



वाहनों की थोक बिक्री 3,77,689 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, फरवरी में यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि की मुख्य वजह यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग रही। इनकी बिक्री 13.5 प्रतिशत बढ़कर 2,36,957 इकाई रही जबकि पिछले फरवरी 2025 में यह 2,08,795 इकाई थी।

यात्री कारों की बिक्री 3.8 प्रतिशत घटकर 1,06,799 इकाई रह गई, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 1,10,966 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की थोक बिक्री 1.1 प्रतिशत बढ़कर 11,620 इकाई रही।

### तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री बढ़ी

इसी तरह स्कूटर की बिक्री 42.3 प्रतिशत बढ़कर 7,29,774 इकाई रही, जबकि फरवरी 2025 में यह 5,12,783 इकाई थी। इसके अलावा तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 74,573 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 57,788 इकाई थी।

## सेंसेक्स 1.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक पर बंद

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी भारी गिरावट: सेंसेक्स 1,471 अंक टूटा; निफ्टी 2.06 प्रतिशत फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण शेयर बाजार के मानक सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को भारी गिरावट हुई। वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और रुपए की कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,579.82 अंक यानी दो प्रतिशत गिरकर 74,454.60 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत फिसलकर 23,151.10 अंक पर बंद हुआ।

## निफ्टी 488.05 अंक गिरकर 23,151.10 अंक पर क्लोज

### बड़ी कंपनियों को अधिक नुकसान

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा।

दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त का रुझान रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.25 प्रतिशत बढ़कर 100.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



### वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत

भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक बाजार भी दबाव में दिखे। एशियाई बाजारों गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। यूएस में सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई। जोंस 700 से अधिक अंक गिर गया, और इस साल पहली बार 47,000 के स्तर से नीचे बंद हुआ।

### विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू बाजार में अपनी बिकवाली जारी रखी। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, एफआईआईएस ने 7,049.87 करोड़ के शेयर बेचे। मार्च महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने 39,000 करोड़ से ज़्यादा के शेयर बेचे हैं। निवेशक फेडरेल रिर्जवके पॉलिसी फ़ैसले का भी इंतजार कर रहे हैं, जिसकी मीटिंग 17 मार्च को होनी है। एचएफडीसी के हेड, देवरश वकील ने कहा कि आम तौर पर यह उम्मीद की जा रही है कि सेंट्रल बैंक ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा।

### कॉस्पी, निक्केई और हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्केई, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय और अमेरिकी बाजारों में भी नकारात्मक रुख देखा गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 7,049.87 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 7,449.77 करोड़ रुपए की खरीदारी की।

### रुपया 20 पैसा टूटा 92.45 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद

मुंबई। पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतें 101 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाने के बीच रुपया 20 पैसे टूटकर 92.45 प्रति डॉलर (अस्थायी) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के मजबूत रुख, विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुझान ने रुपए पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.33 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.47 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में रुपया 92.45 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

# नोएडा एयरपोर्ट पर अकासा एयर बनाएगी मेंटेनेंस सेंटर

## विमानों के रखरखाव से जुड़ी उन्नत सेवाएं उपलब्ध कराएंगी अकासा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू विमानन कंपनी अकासा एयर ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के साथ रणनीतिक सहयोग के तहत उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे हवाई अड्डे पर विमान रखरखाव, मरम्मत व जीर्णोद्धार (एमआरओ) केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।

कंपनी के बयान के अनुसार, इस सहयोग के तहत अकासा एयर हवाई अड्डे के परिसर के भीतर इस केंद्र का संचालन करेगी और यहां विमानों के रखरखाव से जुड़ी विभिन्न उन्नत सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

बयान के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य भारत के विमानन बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश के




प्रमुख विमान रखरखाव केंद्रों में स्थापित करना है। इससे संचालन क्षमता में सुधार होगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। अगस्त 2022 में सेवाएं शुरू करने के बाद अकासा एयर का यह पहला विमान रखरखाव केंद्र होगा।

### कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि यह साझेदारी न केवल भारत की विमान रखरखाव क्षमताओं को मजबूत करेगी बल्कि क्षेत्र में कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगी। बयान के अनुसार, यह सहयोग विमान रखरखाव सेवाओं में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने तथा पूरे क्षेत्र में नवाचार व संचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी एक ऐसे एकीकृत विमानन तंत्र के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है, जो उद्योग के दीर्घकालिक विकास को समर्थन देगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान करेगा।

## पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों को मिलेगा बढ़ावा

# गुवाहाटी, कोलकाता तक अब अमेजन की एयर सेवा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने समर्पित हवाई मालढुलाई बेड़े 'अमेजन एयर' की सेवाओं का विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक कर दिया है। कंपनी ने कहा कि 2023 में अमेजन एयर सेवा की शुरुआत के बाद से यह हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में सेवाएं दे रही थी। अब इसका विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक विस्तार होने से माल भेजने की गति लगभग पांच गुना तक बढ़ने की उम्मीद है। अमेजन के मुताबिक, इस हवाई मालढुलाई सेवा के विस्तार से पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। अमेजन में संचालन उपाध्यक्ष (भारत और ऑस्ट्रेलिया) अभिनव सिंह ने कहा कि अमेजन एयर सप्ताह में तीन दिन दो संकीर्ण-बॉडी मालवाहक विमानों का संचालन करती है। इस अवधि को छह से सात दिन तक बढ़ाने की योजना है।

### युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुवाहाटी के लिए पहली अमेजन एयर उड़ान को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने कहा कि गुवाहाटी तक अमेजन एयर सेवाएं शुरू होने से क्षेत्र के विक्रेताओं को देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 'लॉजिस्टिक अवसंरचना में इस तरह की प्रगति से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है। साथ ही अमेजन एयर सेवाओं के संचालन से रोजगार सृजन में और अधिक योगदान मिलने तथा क्षेत्र के समग्र आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने की भी उम्मीद की जा रही है।

# केटीडी ने रखा भारतीय ऊर्जा बाजार में कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापानी कंपनी कंसाई ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन (केटीडी) ने ओएमसी पावर में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदकर भारतीय ऊर्जा बाजार में कदम रखा है।

ओएमसी पावर इस समय भारत में एक गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाला पोर्टफोलियो तैयार करने की प्रक्रिया में है।

करीब 27 अरब डॉलर वाली कंसाई इलेक्ट्रिक पावर की इकाई केटीडी, ओएमसी पावर में निवेश करने वाली चौथी जापानी कंपनी है।




इससे पहले मित्सुई एंड कंपनी, चुबू इलेक्ट्रिक पावर और होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड इसमें निवेश कर चुकी हैं।

### केटीडी ने किया 160 करोड़ रुपए का निवेश

ओएमसी पावर के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित चंद्रा ने कहा कि दोनों कंपनियां व्यापार सहयोग के लिए एक साल से अधिक समय से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा, 'केटीडी ने भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अपना पहला निवेश करने के लिए हमें चुना है। जापानी कंपनियां वर्ष 2017 से ही ओएमसी पावर में निवेश कर रही हैं।' केटीडी 160 करोड़ रुपये का निवेश करके ओएमसी पावर में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी ले रही है। इस ताजा निवेश के साथ ओएमसी पावर में जापानी कंपनियों की कुल हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 67 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

# एचएफसीएल को विदेशी कंपनी से मिला 10,159 करोड़ का ठेका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ ठेका पांच वर्ष के लिए मिला

एचएफसीएल को ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति के लिए एक वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनी से करीब 10,159 करोड़ रुपए का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह ठेका 2026 से दिसंबर 2030 तक पांच वर्ष के लिए मिला है।

कंपनी सूचना के अनुसार, ' कंपनी ने अपनी विदेश स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के माध्यम से एक ग्राहक के साथ उच्च गुणवत्ता वाले एवं अधिक फाइबर क्षमता वाले ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति के लिए पांच वर्षीय आपूर्ति समझौता किया है। इसकी अवधि के दौरान इसका संभावित कुल मूल्य करीब 1.10 अरब अमेरिकी डॉलर बैठता है, जो प्रचलित बिक्री कीमतों के आधार पर लगभग 10,159 करोड़ रुपए के बराबर है।' एचएफसीएल ने सूचना में हालांकि कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया।

## गैस किल्लत

# केरल का फूड बिजनेस संकट में 40% रेस्तरां पर बंद होने का खतरा



एजेंसी ▶▶| कोच्चि

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बाद उत्पन्न एलपीजी की कमी के कारण केरल में करीब 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद होने की स्थिति में हैं, क्योंकि कई प्रतिष्ठान खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। यह जानकारी उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने दी। एलपीजी की कमी से रेस्तरां के अलावा कैटरिंग सेवाएं, छात्रावास, कैंटीन और शवदाह गृह भी प्रभावित हुए हैं। 'केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष जी. जयपाल ने कहा कि शुक्रवार तक राज्य में लगभग 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया, ' गुरुवार तक करीब 20 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो चुके थे। शुक्रवार तक यह संख्या बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगी क्योंकि एलपीजी का भंडार जल्द खत्म हो जाएगा।' केंद्र और राज्य सरकारों ने खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपनाने की सलाह दी है लेकिन संगठन का कहना है कि शहरी क्षेत्रों के होटलों में लकड़ी से खाना बनाना व्यावहारिक नहीं है।

### शहरी रेस्तरां में अपनाई गई आधुनिक रसोई प्रणाली

जयपाल ने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत अधिकतर शहरी रेस्तरां में आधुनिक रसोई प्रणाली अपनाई गई है। वहां लकड़ी या अन्य ईंधनों से खाना बनाने की व्यवस्था नहीं है। शहरी क्षेत्रों के रेस्तरां इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ निजी एलपीजी आपूर्तिकर्ता सिलेंडर के लिए लगभग दोगुनी कीमत वसूल रहे हैं और पिछले दो दिन में ईंधन लकड़ी की कीमत भी काफी बढ़ गई है।

उन्होंने कहा, ' कासरगोड में हमारे एक सदस्य को 17 किलोग्राम का निजी एलपीजी सिलेंडर 3,000 रुपए में मिला जबकि सामान्य तौर पर 19 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत करीब 1,800 रुपए होती है। लकड़ी के दाम भी बहुत बढ़ गए हैं और वैकल्पिक व्यवस्था अपनाना आसान नहीं है।'

## सकल घरेलू उत्पाद का सबसे बड़ा कारक भारत की घरेलू मांग

# फिच रिपोर्ट: भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.5% रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान मामूली रूप से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया। फिच रेटिंग्स ने दिसंबर में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू मांग जीडीपी वृद्धि का सबसे बड़ा कारक रहने वाली है। फिच ने 'ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक- मार्च 2026' रिपोर्ट में वर्ष 2026 के दौरान विश्व की जीडीपी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान इस शर्त पर है कि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में कोई बड़ी और लंबे समय तक चलने वाली बढ़ोतरी नहीं होगी और तेल की औसत वार्षिक कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर नहीं जाएगी।

## वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में वृद्धि दर होगी धीमी

### अर्थव्यवस्था जुझारु, दहाई अंकों में ऋण वृद्धि

फिच रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रायन कुल्टन ने कहा, हालांकि अगर ऐसी स्थिति आती है कि तेल की कीमतें 100 डॉलर तक पहुंच जाएं और वहां पर टिकी रहें, तो यह वैश्विक आपूर्ति के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। भारत के संबंध में फिच ने कहा कि जनवरी और फरवरी में वास्तविक गतिविधियों के धीमे होने के अस्थायी संकेत मिले हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था जुझारु बनी हुई है और ऋण वृद्धि अभी भी दहाई अंकों में है। फिच को उम्मीद कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में वृद्धि दर धीमी होगी, क्योंकि बढ़ती मुद्रास्फीति वास्तविक आय को प्रभावित करेगी और उपभोक्ता खर्च की वृद्धि को सीमित करेगी।




**जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर धीमी**

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर धीमी होकर 7.8 प्रतिशत रही, जो जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। फिच ने कहा, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहेगी, जो दिसंबर के अनुमान से मामूली रूप से अधिक है। इस साल घरेलू मांग वृद्धि का सबसे बड़ा चालक है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान उपभोक्ता खर्च और निवेश में क्रमश: (अनुमानित) 8.6 प्रतिशत और 6.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## चिंतन

# सदन की मर्यादा बनाए रखना सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी

संसद वह मंच है जहां देश के करोड़ों लोगों की आवाज उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से उठाई जाती है। संसद केवल बहस और विरोध का स्थान नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मर्यादा, नियमों और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि सदन में उपस्थित प्रत्येक सांसद अपने आचरण से संसद की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखे। हाल ही में लोकसभा में गैस और ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या हमारे जनप्रतिनिधि सदन की मर्यादा और संसदीय नियमों का पर्याप्त सम्मान कर रहे हैं। लोकसभा में हाल ही में कांग्रेस की ओर से तेल और गैस की स्थिति पर चर्चा के लिए नोटिस दिया गया था। यह एक महत्वपूर्ण विषय था, क्योंकि देश के कई हिस्सों में एलपीजी और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे मुद्दों पर गंभीर और तथ्यपरक चर्चा की अपेक्षा स्वाभाविक थी। हालांकि, चर्चा के दौरान घटनाक्रम कुछ अलग दिशा में मुड़ गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब इस विषय पर अपनी बात रख रहे थे, तब उन्होंने एलपीजी और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे से हटकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से जुड़े कुछ आरोपों का उल्लेख किया। इन आरोपों में अंतरराष्ट्रीय व्यक्तियों के नामों का भी जिक्र किया गया, जिससे सदन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। सत्ता पक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सदन में हंगामा शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिस विषय पर नोटिस दिया गया है, उसी विषय पर चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए उसे संसद की कार्यवाही से हटाने के निर्देश भी दिए। स्पीकर ने यह भी दोहराया कि सदन की कार्यवाही संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार ही चलेगी और बिना पूर्व नोटिस के किसी अन्य मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। संसद में बहस का स्तर जितना गंभीर और तथ्यपूर्ण होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। यदि बहस मुद्दों से भटककर व्यक्तिगत आरोपों और राजनीतिक टकराव तक सीमित हो जाए तो इसका नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। जनता अपने प्रतिनिधियों से उम्मीद करती है कि वे संसद में उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाएं और समाधान की दिशा में सार्थक चर्चा करें। दरअसल, संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है। यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है, लेकिन इन मतभेदों को व्यक्त करने का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। संसदीय लोकतंत्र में नियम, प्रक्रिया और मर्यादा केवल औपचारिकताएं नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यवस्था की नींव हैं जो देश को लोकतांत्रिक रूप से संचालित करती है। आज जब देश अनेक आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब संसद से यह अपेक्षा और भी बढ़ जाती है कि वहां होने वाली बहसें गंभीर, सार्थक और समाधान की दिशा में हों। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि संसद केवल राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि यह नीति निर्माण और लोकतांत्रिक जवाबदेही का केंद्र है। कुल मिलाकर यह सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सदन की गरिमा, नियम और मर्यादा को बनाए रखें। वहीं विपक्ष भी अपने उठाए मुद्दों पर बहस से न भागे और संसद के नियमों का पालन करे।



मुद्दा

डॉ .सूर्यकांत मिश्रा

# इच्छामृत्यु : मृतप्राय शरीर का उद्धार

**इच्छामृत्यु के एक बड़े फैसले के बाद यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या परेशान व्यक्ति अपने जीवन का अंत करने की अर्जी लगा सकता है? इस संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की बहस लाजिमी है। कारण यह कि सुप्रीम कोर्ट ने लंबे विचार – विमर्श के बाद कानूनी पेचीदगियों का समाधान ढूंढते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी है। इच्छामृत्यु के इस बड़े फैसले के बाद ऐसे लोगों के लिए रास्ता खुला है, जो वास्तव में कई वर्षों से अपनी बीमारी से जूझ रहे हैं। न तो मर्ज दूर हो पा रहा है और न ही परिजनों की सेवा मिल पा रही है। अब कानून ने यह अधिकार दे दिया है कि जीवन बचाए जाने की हर प्रक्रिया असफल हो जाने पर इच्छामृत्यु का मार्ग चुन लिया जाए।**

इच्छामृत्यु के एक बड़े फैसले के बाद यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या परेशान व्यक्ति अपने जीवन का अंत करने की अर्जी लगा सकता है ? इस संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की बहस लाजिमी है । कारण यह कि सुप्रीम कोर्ट ने लंबे विचार - विमर्श के बाद कानूनी पेचीदगियों का समाधान ढूंढते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी है। दो न्यायमूर्तियों की पीठ ने जब इस तरह के पहले निर्णय को अधिकार निरूपित करते हुए इच्छामृत्यु की अनुमति दी, तब वे भी अत्यंत भावुक हो उठे! कोई भी व्यक्ति इस फैसले के बाद इसे अपना अधिकार नहीं मान सकता है।

इच्छामृत्यु जिन परिस्थितियों में उचित ठहराई गई है, उसका अध्ययन जरूरी है। एक भारतीय युवक को, जो महज 31 वर्ष का ही है, उसे परिजनों की इच्छा से इच्छामृत्यु के अधिकार तक पहुंचाना दिल पर पत्थर रखने वाली बात ही है। विगत 13 वर्षों से कोमा की स्थिति में पड़े उस युवक का दर्द, उसकी छटपटाहट, उसकी परेशानी, परिवार के हर शख्स के लिए हर पल मरने वाली स्थिति से कम नहीं थी। वह भी ऐसी हालत में जब उस युवक की जीवन प्रत्याशा शून्य रह गई हो। यह भी कहा जा सकता है कि सांस लौटने की उम्मीद में एक पारिवारिक सदस्य की सेवा करते रहना ईश्वरीय चमत्कार के अधीन ही टीका हुआ था। चिकित्सकों ने भी हर कोशिश के बाद मृत्युद्वार को ही बेहतर समझा और इच्छामृत्यु की अर्जी पर मुहर लगा दी। इच्छामृत्यु के अत्यंत ही संवेदनशील मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 31 वर्षीय युवक की जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट ) को हटाने की अनुमति देकर यह सिद्ध कर दिखाया कि परिस्थिति के आगे कानून को नरम होना ही पड़ता है। लगभग 13 वर्ष से कोमा की स्थिति में पड़े हरीश राणा की चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर पैसिव यूथेनेशिया अर्थात इच्छामृत्यु पर ठप्पा लगाना न्यायमूर्तियों के लिए भी आसान नहीं था। माता-पिता द्वारा न्यायालय में लगाई गई इच्छामृत्यु की अर्जी भी मां की ममता और पिता के संबल पर भारी पड़ती दिखाई पड़ी! 13 वर्षों से कोमा की स्थिति में रहने वाले अपने जिगर के टुकड़े के जी उठने की उम्मीद में माता-पिता द्वारा हर संभव सेवा भी उनकी कठिन तपस्या से कम नहीं मानी जानी चाहिए। आखिरकार ममता और संबल को ईश्वर की इच्छा के आगे नत-मस्तक होना ही पड़ा! माता- पिता ने अपने बेटे पर से जीवन रक्षक उपचार को हटाने की अनुमति मांगकर अपनी उस तकलीफ का अग्नि संस्कार कर दिया, जो पल-पल उनके कुलदीपक की लौ को मद्धिम कर रही थी! कोर्ट ने संवेदनशील मामले में निर्णय सुनाते हुए कहा कि जीवन रक्षक प्रणाली को सम्मानजनक और गरिमापूर्ण तरीके से हटाया जाए! अदालत ने हरीश राणा के माता-पिता की सराहना करते हुए कहा कि ना- उम्मीदी में लंबे समय तक सेवा करना मतलब अंधेरे में रोशनी तलाशने से कम नहीं था।

हरीश राणा के माता-पिता की मनः स्थिति को समझते हुए फैसला सुनाने से पहले न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने अपने अचेतन मन में कहीं छिपे पड़े एक



सारगर्भित श्लोक को ढूंढ निकाला। वह श्लोक माता - पिता के हृदय में अपने बेटे के प्रति स्नेह एवं पीड़ा की स्थिति में उसके उद्धार की भावना से जुड़ा माना जा सकता है। न्यायमूर्ति ने कहा :- 'चिन्तायाश्च चितायाश्च बिंदुमात्रम्‌विशिष्यते, चिता दहाति निर्जीवम, चिंता दहाति जीवनम।' अर्थात चिंता और चिता को ध्यान से देखा जाए तो दोनों में एक मात्रा (बिंदु) का ही फर्क है। चिता मनुष्य के मृत शरीर को जलाती है जबकि चिंता जीवित व्यक्ति को पल-पल जलाती रहती है! यह श्लोक हरीश राणा के माता-पिता को संबल प्रदान करने के लिए सटीक माना जा सकता है।

यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि इच्छामृत्यु मनुष्य का अधिकार नहीं, बल्कि परिस्थिति द्वारा निर्मित आवश्यक प्रक्रिया ही हो सकती है। इच्छामृत्यु का विकल्प उसी स्थिति में चुना जा सकता है जब मेडिकल साइंस पीड़ित को बचाने की हर संभव कोशिश के बाद अपने हाथ खड़े कर दे! साधारण पीड़ा अथवा किसी साध्य रोग से लड़ने की हिम्मत छोड़कर न्यायालय के समक्ष इच्छामृत्यु की अर्जी नहीं लगाई जा सकती। इस बड़े फैसले के बाद यह चर्चा भी की जाने लगी है कि इच्छामृत्यु की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। भले ही वह नैतिक रूप से सही हो। कारण यह कि इस अधिकार का दुरुपयोग किया जा सकता है और हत्या जैसे जघन्य अपराध के लिए आवरण का रूप ले सकता है। समाज में सम्मान से जीवित रहने के अधिकार को हम सब जानते और मानते हैं, किंतु बहुत कम लोग सम्मान से मरने के अधिकार को अहमियत देते हैं। हमारे कानून में प्रत्येक व्यक्ति को यह अधिकार दिया जाना चाहिए कि जब उसका जीवन पारिवारिक सदस्यों के लिए बोझ बन जाए, तब वह सम्मान से अपने मरने के अधिकार का उपयोग कर सके। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि वह व्यक्ति जो इच्छामृत्यु की मांग कर रहा है, उसकी पीड़ा अथवा बीमारी असाध्य है, जो खुद उसके लिए असहनीय होने के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि इच्छामृत्यु आत्महत्या न बन जाए । साथ ही समाज अथवा परिवार के बीमार लोगों को खत्म करने का जरिया न बन जाए? जैन धर्म में 'संथारा' ऐसी ही एक विचारधारा है, जिसे हम आत्महत्या नहीं कह सकते। अन्य शब्दों में कहूं तो यह मृत्यु को वरण करने की एक क्रिया मात्र है। संथारा करने वाला व्यक्ति भोजन, पानी, दवाई छोड़कर मृत्यु की ओर अग्रसर होता है, किंतु इस क्रिया को हम क्षणिक भी नहीं मान सकते हैं। संथारा के बीच व्यक्ति के जीवन की प्रत्याशा अथवा जीवन की लौ जागृत होने पर उससे लौटा भी जा सकता है। इच्छामृत्यु के इस बड़े फैसले के बाद ऐसे लोगों के लिए रास्ता खुला है, जो वास्तव में कई वर्षों से अपनी बीमारी से जूझ रहे हैं। न तो मर्ज दूर हो पा रहा है और न ही परिजनों की सेवा मिल पा रही है!

ऐसी परिस्थिति में खुद बीमार यदि मानसिक रूप से स्वस्थ है तो कोर्ट में इच्छामृत्यु का आवेदन लगा सकता है। उसके कोमा की स्थिति में होने से परिजन ऐसा आवेदन लगा सकते हैं। जहां तक मैं सोचता हूं अत्याधुनिक जीवनदाई सिस्टम 'वेंटीलेटर' में एक नहीं अनेक ऐसे जीवन पड़े होते हैं, जो वर्षों से उसी वेंटीलेटर के भरोसे सांस ले रहे होते हैं! परिजनों का लगाव और पुनर्जीवन की उम्मीद एक तरह से मृत शरीर की ही सेवा करती प्रतीत होती रही है। अब कानून ने यह अधिकार दे दिया है कि जीवन बचाए जाने की हर प्रक्रिया असफल हो जाने पर इच्छामृत्यु का मार्ग चुन लिया जाए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य

मनीष कुमार चौधरी




# खानपान में मिलावट का घुलता धीमा जहर

दशकों पहले मुनाफे के लिए छोटी-मोटी छेड़छाड़ के रूप में शुरू हुआ मिलावट का खेल अब एक बेरहम खतरा बन गया है। एक धीमा जहर, जो हमारी रसोई और थालियों में घुल-मिल गया है। मिलावट, जिसे कभी एक अलग-थलग गलती माना जाता था, उसे अब मॉडर्न फूड सप्लाई चेन में एक प्रणालीगत कमजोरी के तौर पर पहचाना जा रहा है। खाने में मिलावट और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना भारत में एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मिलावटी भोजन की पहचान आमतौर पर तब तक नहीं हो पाती जब तक कि उससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा न दिखने लगे। मात्रा बढ़ाने के लिए मिलावट करने वाले पदार्थ मिलाना, ठोस पदार्थों की मात्रा बढ़ाने के लिए गाढ़ा करने वाले पदार्थ मिलाना, वसा, कार्बोहाइड्रेट या प्रोटीन की मात्रा की भरपाई करना, शेल्फ लाइफ बढ़ाना, सौंदर्यबोध बढ़ाना और इसे असली जैसा दिखाना...। ये कुछ तरीके इतने आम हो चले हैं कि रोजमर्रा की खरीदारी में गिनती में ही नहीं आते। कुछ खाद्य उत्पादक/व्यापारी अपने उत्पादों का बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन करते हैं। भ्रामक/झूठे विज्ञापनों के कारण उपभोक्ता के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थों का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाता है। खाने में मिलावट अब कभी-कभार होने वाली घटनाओं तक सीमित नहीं है। दूध, पनीर, मसाले, सब्जियां, अंडे, मीट, मछली और पैकेज्ड फूड, जिन्हें रोजाना लाखों लोग खाते हैं, अब आए दिन वैज्ञानिक जांच के दायरे में आ रहे हैं। सर्विलांस रिपोर्ट, फूड टेस्टिंग डेटा और रेगुलेटरी नतीजों से पता चलता है कि उत्पादन और वितरण के कई चरणों पर बार-बार गड़बड़ियां होती हैं। यह कई रूपों में होती हैं। जैसे मिलावट, प्रतिस्थापन, पैकेजिंग सामग्री में खराब गुणवत्ता को छिपाना, सड़े हुए खाद्य पदार्थों को बिक्री के लिए रखना, गलत ब्रांडिंग या झूठे लेबल लगाना और विषाक्त पदार्थों को मिलाना। खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर, यकृत रोग, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी और तंत्रिका तंत्र संबंधी कई बीमारियां होती हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना स्वास्थ्य और ग्राहक संतुष्टि की रीढ़ है। खाद्य पदार्थों में मिलावट का बने रहना कोई संयोग नहीं है। यह आर्थिक लालच से प्रेरित है, सिस्टम की कमियों के कारण संभव होता है और उपभोक्ता की अज्ञानता व लापरवाही से कायम रहता है। अधिकांश खरीदारों को पता नहीं होता कि इसकी कहां-कैसे शिकायत करें। कानून की कमजोरियों और लचर सिस्टम का फायदा उठाकर कई कारोबारी इस मिलावट के खेल में शामिल रहते हैं। नियामक निकाय, कानूनों और एजेंसियों के बावजूद यह खतरा इसलिए जारी है, क्योंकि प्रवर्तन अधूरा है और अपराधी अक्सर बिना सजा के बच निकलते हैं। अब तो मिलावट के तरीके और भी ज्यादा परिष्कृत हो गए हैं। ऐसे रसायनों और रंगों का उपयोग किया जा रहा है जो असली भोजन की बनावट, रंग और स्वाद की नकल करते हैं, जिससे आम उपभोक्ता के लिए शुद्ध-अशुद्ध की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि भारत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कई मानक तय किए हुए हैं। निरीक्षण भी होता है और जुर्माना भी लगता है। वैज्ञानिक और उन्नत प्रयोगशाला तकनीकें भी मौजूद हैं। परंतु नियमों को लागू करने के लिए अभी भी ज्यादा मैनपावर, बेहतर तालमेल और तेज व गतिशील कानूनी प्रक्रियाओं की जरूरत है। हाल ही में सरकार की ओर से खाद्य पदार्थों के लिए स्टार रेटिंग की प्रक्रिया पर और सुधार की जरूरत बताई गई है। एक शपथ पत्र में, एफएसएसएआई ने 'फ्रंट ऑफ पैक न्यूट्रिशन लेबलिंग' के लिए एक मैकेनिज्म को फाइनल करने से पहले ड्राफ्ट रेगुलेशन को वापस लेने और आगे शोध करने का प्रस्ताव दिया है। इंडस्ट्री चाहती है कि लेबलिंग प्रोडक्ट पर छपने तक ही सीमित न रहे। हमें यह बताकर वैल्यू ऐड करनी होगी कि यह अच्छी है, बुरी है या कोई फर्क नहीं पड़ता। हालांकि एफएसएसएआई के 2022 के नियमों में प्रस्तावित स्टार-बेस्ड सिस्टम सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन कम से कम यह एक ऐसा सिस्टम बनाने की शुरुआत थी, जहां ग्राहक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों को खरीदने से पहले सोच-समझकर फैसला ले सकें। हर मिलावटी चीज न सिर्फ भरोसे का धोखा है बल्कि इंसानी सेहत पर सीधा हमला है, जो पोषण को खतरा बना देता है। कड़वी सच्चाई यह है कि कई 'भरोसेमंद' ब्रांड भी मिलावट से अछूते नहीं हैं। आम उपभोक्ता अक्सर इस खतरे के सामने खुद को शक्तिहीन महसूस करते हैं। खाने में मिलावट चुपचाप पनपती है और यह तभी खत्म होंगी जब सरकारें कड़े कदम उठाएंगी, उद्योग नियमों का पालन करेंगे और उपभोक्ता समझौता करने से इनकार करेंगे। शुद्धता कोई विलासिता नहीं है, यह एक अधिकार है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य, तप, दया और पवित्रता




संकलित

दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं? आपके लिए मैंने लक्ष्मी, दान आदि सबका त्याग किया है। मैं आपको नहीं जाने दूंगा। आपके जाने पर मेरा सब कुछ चला जाएगा।' यह सुनकर सत्य वहीं रह गया। सत्य घर में से बाहर नहीं आया, अतएव गई हुई लक्ष्मी, दान, सदाचार और यश भी वापस आ गए। सत्य ही सर्वस्व है।

# चेतन अमल सहज सुख रासी




संकलित

प्रेरणा

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे।

## स्टेज म्यूजिकल 'विक्ड' का प्रदर्शन

मुंबई। गुरुवार को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र के ग्रैंड थिएटर में मीडिया के सामने रिहर्सल के दौरान कलाकारों ने स्टेज म्यूजिकल 'विक्ड' के दृश्यों और संगीत प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया।



## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

मार्च का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह मार्च के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 मार्च 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। हिसार मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

-सागर, करनाल

## करंट अफेयर


# भारत होर्मुज से अपने व्यापारिक जहाजों के लिए ईरान के संपर्क में



भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले लगभग 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने को लेकर ईरान के साथ संपर्क में है। अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष के बीच ईरान ने इस मार्ग को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष के बीच हुई बातचीत के दौरान जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दे उठे थे। पता चला है कि ईरान ने पिछले चार-पांच दिन में भारतीय ध्वज वाले किसी भी वाणिज्यिक टैंकर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी है। पोत परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में भारतीय ध्वज वाले कुल 24 जहाज 677 भारतीय नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि रणनीतिक जलमार्ग के पूर्व में 101 भारतीय नाविकों वाले चार जहाज तैनात हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ' 'हाल के दिनों में विदेश मंत्री और ईरान के विदेश मंत्री के बीच तीन बार बातचीत हुई है। आखिरी वार्ता में जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे आगे कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

## ऑफ बीट

# भगवान नृसिंह की छवि के रूप में स्थापित मां प्रत्यंगिरा देवी



उज्जैन में मां भगवती के ऐसे अद्भुत रूप की पूजा होती है, जो दिखने में भगवान नृसिंह की छवि लगती है। खास बात यह है कि मंदिर में मौजूद मां, असुर रावण की कुलदेवी हैं। उज्जैन में यह मंदिर भैरवगढ़ रोड स्थित बगलामुखी धाम के नजदीक ही है। मां प्रत्यंगिरा देवी का रूप मां के बाकी अवतारों से अलग और क्रोध को दिखाने वाला है। मां का चेहरा सिंह के जैसा है और बाकी का शरीर देवी के समान है। मां का ये प्रतिरूप सिंह की गर्जना की तरह दिखता है। पौराणिक कथा की मानें तो जब परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने भगवान नृसिंह का रूप लिया था, तब हिरण्यकश्यप के वध के बाद भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ था। भगवान नृसिंह के क्रोध की वजह से देवता और असुर दोनों घबरा गए थे। तब सभी देवताओं के आह्वान के बाद मां प्रत्यंगिरा प्रकट हुई, जिन्होंने भगवान नृसिंह को शांत करवाया था। रावण की कुलदेवी हैं निकुंबला- खास बात ये है कि प्रत्यंगिरा देवी को निकुंबला देवी का ही रूप माना जाता है, जिनकी पूजा रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने की थी। रामायण में मां निकुंबला देवी का जिक्र भी है कि कैसे युद्ध पर जाने से पहले रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने विजय पाने के लिए मां के विशेष अनुष्ठान किए थे।

## ट्रेंड

### डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं



उत्तर प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। रसोई गैस की कमी से संबंधित अफवाहों से बचें। यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### आधुनिक वाहन



झारखंड राज्य की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज झारखंड पुलिस के हजारों आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही नए थानों की आधारशिला रखी तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया।

- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### विकास बोर्डों का गठन



हमारी सरकार मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा, डोम (अनुसूचित जाति), कुंभकार और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए शीघ्र ही पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने जा रही है। ये समुदाय बंगाल की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इन सभी को बधाई।

-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### विपक्ष के पास एजेंडा नहीं



विपक्ष के पास रचनात्मक कार्य करने का कोई एजेंडा नहीं बचा है। उनका एकमात्र उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना है। वे न तो सकारात्मक सोच रखते हैं, न ही देशहित में कोई सार्थक योगदान देना चाहते हैं।

-अरुण गोविल, सांसद, भाजपा

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दक्षिण छत्तीसगढ़ के लिए बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच मौसम विभाग ने दक्षिण छत्तीसगढ़ के लिए बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। विशेष रूप से बस्तर संभाग के कई जिलों में शुक्रवार से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 13 से 15 मार्च के बीच बस्तर क्षेत्र में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

यदि बारिश होती है तो तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बिहार और झारखंड के बीच समुद्र तल से करीब 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक ट्रफ लाइन सक्रिय है। इसी सिस्टम के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में बादल छाने और बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। जगदलपुर, बीजापुर समेत बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की स्थिति भी बन सकती है।

**बस्तर संभाग के कई जिलों में देखने को मिल सकता है मौसम में बदलाव**



### प्रदेश के कई हिस्सों में तेजी से बढ़ रहा तापमान

*फिलहाल प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि रायपुर और बिलासपुर संभाग के अधिकांश जिलों में पारा लगभग 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान के मामले में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान करीब 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि राज्य में मार्च के दूसरे और तीसरे पखवाड़े में गर्मी और तेज हो सकती है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई गई है।*

## ज्वेलरी लेकर भागी महिला, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान से करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने लेकर भागने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार देवपुरी स्थित मां दुर्गा ज्वेलर्स में दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एक युवक और युवती ग्राहक बनकर पहुंचे। उन्होंने सोने का रानी हार खरीदने की बात कही। उस समय दुकान में संचालक दुर्गा सोनी का बेटा पंकज सोनी मौजूद था। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक द्वारा दूसरी दुकान से रानी हार मंगवाने के बाद महिला ने गहने देखने शुरू किए। इस दौरान उसने ट्रायल के बहाने सोने का रानी हार, चांद बाली, अंगूठी, चांदी की पायल और बिछिया सहित कई आभूषण पहन लिए। इन सभी गहनों की कुल कीमत करीब 4.93 लाख रुपये बताई गई है। कुछ देर बाद महिला ने बताया कि उसकी सहेली बैंक से पैसे लेकर आने वाली है और वह भी हार खरीदेगी। यह कहकर वह फोन पर बात करते हुए दुकान से बाहर निकली और वापस नहीं लौटी।

## खबर संक्षेप

### विखं भाठागांव में नीर चेतना अभियान आरंभ

**बालोद।** गिरते भू-जल स्तर को सुधारने और वर्षा जल सहेजने के लिए बड़ी पहल हुई है। प्रशासन ने 'जल संचय, जन भागीदारी' के तहत यह अभियान शुरू किया है। गुण्डरदेही विकासखंड के भाठागांव में 'नीर चेतना अभियान' का भव्य शुभारंभ किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और ट्रेंच निर्माण की शुरुआत की। अभियान के पहले चरण में भाठागांव के पास नाले के समांतर 5,000 वॉटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच बनाए जा रहे हैं।

### यादव पं. बंगाल चुनाव के लिए सह-प्रभारी बने

**भोपाल।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिम बंगाल चुनाव प्रदेश प्रभारी संगम लाल गुप्ता, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मप्र के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार की अनुशंसा पर कोलकाता जोन का प्रताप सिंह यादव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यादव ने कहा है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत के लिए जी जान से काम करेंगे।



### निकायों के कर्मचारियों का विनियमितीकरण

**भोपाल।** प्रदेश की नगरीय निकायों के दैनिक वेतनभोगी और स्थायी कर्मचारियों की मांगों को लेकर गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग में बैठक रखी गई, जिसमें अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कर्मचारियों के विनियमितीकरण और विनियमित करने पर सहमति बनी है। बैठक में मध्य प्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश और विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याएं रखीं।

### फसलों को आग से बचाने लिखा पत्र

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व कालापीपल के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश में गेहूं सहित अन्य फसलों को आगजनी से बचाने के लिए दिन के समय कृषि विद्युत आपूर्ति बंद रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश के कई जिलों में गेहूं व अन्य रबी फसलों की कटाई का काम जारी है और बड़ी मात्रा में कटी हुई फसल खेतों में ही रखी हुई है। बढ़ते तापमान के साथ बिजली लाइनों में होने वाली स्पार्किंग के कारण खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### बीडीसी के सभी प्रोजेक्ट अब एक ही पोर्टल पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (बीडीसी) अपने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए नया मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने जा रहा है। इसके तहत निगम पीएमएस-3 पोर्टल तैयार कर रहा है, जिसके माध्यम से टेंडर जारी करने से लेकर काम की मॉनिटरिंग और कार्य पूरा होने पर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया एक ही प्लेटफार्म पर देखी जा सकेगी। पोर्टल के माध्यम से बीडीसी प्रबंधन हर प्रोजेक्ट में तय शर्तों, कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा की लगातार समीक्षा कर सकेगा।

### केन-बेतवा नदी जोड़ योजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना की प्रगति की समीक्षा की

# सीएम ने जल शक्ति मंत्री से नदी जोड़ो परियोजनाओं व विशेष मदद पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**वित्त मंत्री निर्मला से योजनागत सहायता राशि तथा प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग को लेकर विमर्श किया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट कर केन-बेतवा नदी जोड़ योजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधनों के समुचित उपयोग और दोनों राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान नर्मदा घाटी योजना से संबंधित वर्ष 1974 से 2024 तक हुए समझौतों और उनसे जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी भेंट की। इस दौरान उन्होंने हाल ही में मध्यप्रदेश में प्रस्तुत बजट के संदर्भ में केंद्र से मिलने वाली योजनागत सहायता राशि तथा प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग को लेकर चर्चा की। इसके अलावा प्रदेश के विकास से जुड़े अन्य विषयों पर भी बातचीत हुई।



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी शिष्टाचार भेंट

मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान कई विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें विशेष रूप से कालीसिंध-चंबल योजना से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। साथ ही राजस्थान और मध्यप्रदेश के आपसी संबंधों तथा सहयोग को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच विचार-विमर्श हुआ।

## जल संरक्षण के लिए करें नवाचार, जल स्रोतों की सुरक्षा के हों प्रबंध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के माध्यम से प्रदेश की जल-संस्कृति को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की वह महती आवश्यकता है जिसे हमें भावी पीढ़ियों को उपलब्ध कराने के लिए सहेजकर रखना है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान में जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों के साथ नवीन तकनीकी नवाचारों को अपनाया जाए और प्रदेश के प्रत्येक जल स्रोत की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस वर्ष वर्षा जल की एक-एक बूंद का संचयन और संरक्षण ही हमारा परम ध्येय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 19 मार्च से पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत होगी।

**19 मार्च से प्रारंभ होगा प्रदेश व्यापी अभियान**



### वैश्विक चुनौतियों के बीच जल-सुरक्षा ही विकास का मूलमंत्रः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच जल-सुरक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश जल संरचनाओं की नदियों, तालाबों, बावड़ियों और कुओं का पुनरुद्धार एक मिशन मोड में किया जाएगा।

### जन-भागीदारी से बनेगा जन आंदोलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपील की है कि जल गंगा संवर्धन अभियान से जन-जन को जोड़कर एक जन-आंदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने समाज के हर वर्ग, स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं से इस पुनीत कार्य में आगे बढ़कर श्रमदान करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब समाज का हर व्यक्ति जल संरचनाओं की सुरक्षा का प्रहरी बनेगा, तभी हम परम वैभवशाली और जल-समृद्ध मध्यप्रदेश के स्वप्न को साकार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान में प्रत्येक जिले में जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित की जाए और जल गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### तीन दर्जन नेताओं को असम और पश्चिम बंगाल भेजा

# असम व बंगाल चुनावः मंत्री सिंह सांसद शर्मा को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राकेश सिंह



आलोक शर्मा

पश्चिम बंगाल और असम में विधानसभा चुनाव के ऐलान से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश के नेताओं को भी चुनावी तैयारियों में झोंक दिया है। प्रदेश से मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक और पूर्व विधायकों सहित करीब तीन दर्जन नेताओं को असम और पश्चिम बंगाल भेजा गया है, जो अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों ही राज्यों में अप्रैल या मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

असम में भाजपा की सरकार है, जबकि पश्चिम बंगाल में पार्टी मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। ऐसे में भाजपा संगठन ने दूसरे राज्यों के नेताओं को भी चुनावी रणनीति में शामिल किया है। असम में प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को राकेश सिंह ने नगांव स्थित भाजपा जिला कार्यालय में नगांव और कलियाबोर क्षेत्र के मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

### इन नेताओं को भी मैदान में भाजपा ने उतारा

इसके अलावा सांसद आलोक शर्मा, दर्शन सिंह चौधरी, कविता पाटीदार, विनोद गोटिया, पूर्व सांसद केपी यादव, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व विधायक गिर्राज दंडोतिया और संजय शाह भी अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हैं। मणिपुर से सटे सिल्चर लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सांसद कविता पाटीदार को सौंपी गई है, जहां उनके साथ श्याम सुंदर शर्मा सहित अन्य नेताओं की टीम काम कर रही है। नरेंद्र शिवाजी पटेल को लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है और वे वहां संगठनात्मक गतिविधियों में जुटे हुए हैं।इधर पश्चिम बंगाल में फिलहाल भाजपा युवा मोर्चा की एक टीम को अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा गया है।

### वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान पर चर्चा



**भोपाल।** शहर में गुरुवार को महादलित परिसंघन ने राज्य कार्यकारिणी प्रतिनिधि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान पर चर्चा की गई।

### पूछा- पाठक की फर्मों से 443 करोड़ की रिकवरी कब होगी

## मुख्यमंत्री के विजयराघवगढ़ के दौरे से पहले पीसीसी चीफ ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने मांग की है कि विजयराघवगढ़ के विधायक संजय पाठक की पारिवारिक फर्मों पर 443 करोड़ रुपए की रिकवरी है, यह कब तक वसूली जाएगी।



दरअसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 14 मार्च को विजयराघवगढ़ का दौरा प्रस्तावित है। उनके दौरे से पहले पटवारी ने उन्हें पत्र लिखकर संजय पाठक से जुड़े मामलों को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। पटवारी ने पत्र में लिखा कि संजय पाठक के पारिवारिक फर्मों पर 443 करोड़ रुपए की रिकवरी लंबित है। यह जानकारी विधानसभा में दी गई थी। इस राशि की वसूली कब की जाएगी और संजय पाठक को डिमांड नोटिस कब जारी होगा। पटवारी ने आरोप लगाया कि पाठक पर लगभग 1143 एकड़ भूमि गरीब आदिवासी परिवारों के नाम पर खरीदी गई, यह बेनामी संपत्ति बताई जाती है। इस मामले में राज्य सरकार ठोस कार्रवाई कब करेगी।

### अब तक 1 लाख 1 हजार 745 घरों पर रूफटॉप

## सोलर रूफटॉपः टॉप टेन में मप्र 383 मेगावाट बिजली बना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सोलर रूफटॉप योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 1 हजार 745 घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे करीब 383.78 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

इसी के साथ मध्यप्रदेश देश के टॉप-10 राज्यों में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। ऊर्जा विभाग के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में उपभोक्ता बैंक से लोन लेकर भी सोलर रूफटॉप लगवा रहे हैं। करीब 75 फीसदी उपभोक्ताओं ने इसके लिए बैंक ऋण लिया है, क्योंकि इसकी मासिक किस्त अक्सर बिजली बिल से कम पड़ती है। इससे उपभोक्ताओं को दीर्घकाल में बिजली खर्च में राहत मिल रही है। मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव के मुताबिक प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। राज्य सरकार ने 2030 तक 20 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत केंद्र की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में भी मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### हंगामे का वीडियो वायरल, केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू

## कांग्रेस नेता पर ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक से अभद्रता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पुलगांव थाना क्षेत्र के पुलगांव चौक में कांग्रेस नेता का हंगामा देखने को मिला। जहां ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक के साथ बहस करते दिखा दे रहे है। हंगामा का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे है। पुलिस ने कांग्रेस नेता के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज कर कांग्रेस नेता की पतासाजी में जुट गई है।

दरअसल पुलगांव चौक में 11 मार्च को रात ट्रैफिक पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान एक चार पहिया वैगन आर चालक शराब के नशे में वाहन चालक को ट्रैफिक पुलिस ने रोककर उसकी ब्रेथ एना लाइजर मशीन से जांच करने पर शराब पीकर वाहन चलाना पाया गया, जिसके बाद वैगन आर चालक ने कांग्रेस नेता ज्ञानेश्वर मिश्रा को इसकी जानकारी दी गई और अपनी पत्नी जो जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा के साथ वहां पहुंचकर ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक पीला दाऊ चंद्रा और जवानों से बहस करने लगे। कांग्रेस नेता ज्ञानेश्वर मिश्रा शराब के नशे में वहां मौजूद एक अन्य युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, जिसका मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। ज्ञानेश्वर मिश्रा कांग्रेस के नेता और जिला पंचायत की सदस्य के पति बताया जा रहा है।



### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चल रही थी जांच

*भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक और जवान के द्वारा शराब पीकर वाहन चलने वालों के खिलाफ पुलगांव चौक पर कार्यवाही कर रहे थे इस दौरान वैगन आर चालक तुलसी चंद्राकर को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया था जिसके बाद उसे छोड़ने के लिए ज्ञानेश्वर मिश्रा वहां पहुंचे और ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक और जवान से बहस करते हुए जवान के साथ गाली गलौज करने लगे और वैगन आर चालक को वहां से भाग दिया गया। पुलगांव थाना पुलिस ने निरीक्षक पीला दाऊ चंद्रा की शिकायत पर ज्ञानेश्वर मिश्रा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।*

### कुरियन, सोलंकी और सिंह का कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो रहा

# राज्यसभा की तीन सीटों के लिए सियासी गणित शुरू 2 भाजपा, 1 कांग्रेस के खाते में तय, दावेदार सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**एक राज्यसभा सदस्य के लिए 58 विधायकों के वोट की आवश्यकता**

मध्यप्रदेश में जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रदेश की तीन सीटों के लिए चुनाव होना है और राजनीतिक दलों में दावेदारों ने अभी से अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दी है।

मौजूदा विधानसभा गणित के हिसाब से इन तीन सीटों में से दो सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाना तय माना जा रहा है। राज्यसभा सदस्य जी. कुरियन, सुमेर सिंह सोलंकी और दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो रहा है।




### भाजपा में कई नाम चर्चा में

भाजपा ने फिलहाल इस मुद्दे पर आधिकारिक तौर पर चुप्पी साध रखी है। हालांकि सूत्रों के अनुसार जी कुरियन को दोबारा मौका मिल सकता है। वहीं प्रदेश भाजपा के महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी आदिवासी चेहरे के तौर पर दोबारा दावेदारी पेश कर सकते हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, जयभान सिंह पवैया और लाल सिंह आर्य के नाम भी संगठन में चर्चा में हैं।

### कांग्रेस में नए चेहरे की संभावना

कांग्रेस की ओर से भी कई नाम सामने आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वे दोबारा राज्यसभा जाने के इच्छुक नहीं हैं। यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस में नए चेहरे को मौका मिल सकता है। दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के नाम चर्चा में हैं। यदि पार्टी अनुसूचित जाति वर्ग से किसी नेता को मौका देती है तो पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और प्रदीप अहिरवार भी दावेदार हो सकते हैं।

### राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से जारी की जाएगी सहायता राशि

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने छग को मिलेंगे 15.70 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों की मदद के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समिति ने वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान मोन्था जैसी आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। इस निर्णय के तहत छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में केंद्र के इस अतिरिक्त सहयोग के लिए केंद्रीय गृह मंत्री का आभार माना है। केंद्र सरकार की ओर से यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से जारी की जाएगी, ताकि प्रभावित राज्यों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। समिति के निर्णय के अनुसार छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता स्वीकृत की गई है। केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं के समय राज्यों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। आपदा की स्थिति में प्रभावित राज्यों को त्वरित राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930



# तक्षशिला ग्रुप ने किया मिन्ट कैपीटल से एमओयू साइन

**जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने मिन्ट कैपीटल (एथेराइज्ड पार्टनर ऑफ एंजिल वन) से एमओयू साइन किया है। मिन्ट कैपीटल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर यश चावला तथा तक्षशिला कॉलेज के चेयरमेन आरएन पहारिया ने एमओयू साइन किया। मिन्ट कैपीटल कंपनी के एचआरबीपी जसप्रीत परमार ने बताया कि इस एमओयू से छात्रों को प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास के साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति भी दी जाएगी। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया ने कहा कि इस कैम्पस से बीटेक, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं एमबीए के सभी छात्र लाभान्वित होकर अपना भविष्य सुनिश्चित करेंगे। चयनित छात्रों को चेयरमेन आरएन पहारिया, शरद कुमार गुप्ता, शरद जैन, डॉ. आईके खन्ना, प्राचार्य डॉ. बीके साहू ने बधाई दी। इस एमओयू में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम सहित अन्य उपस्थित रहे।




# ओपन कैम्पस में तक्षशिला के बीटेक व एमबीए के 4 छात्रों का चयन

**जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बीटेक एवं एमबीए के छात्रों हेतु एमपी ऑनलाइन लि. द्वारा ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया। छात्रों ने प्लेसमेंट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा दी तथा उतीर्ण छात्रों का साइकोमैट्रिक टेस्ट तथा फाइनल साक्षात्कार होने के पश्चात 04 छात्रों का चयन हुआ, जिनका जॉब लोकेशन जबलपुर तथा रीवा होगा। एमपी ऑनलाइन लि. के एचआर कुलदीप तिवारी ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को ट्रेनी के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया ने कहा कि इस कैम्पस से बीटेक एवं एमबीए के सभी छात्र लाभान्वित होकर अपना भविष्य सुनिश्चित करेंगे। चयनित छात्रों को आरएन पहारिया, शरद कुमार गुप्ता, शरद जैन, डॉ. आईके खन्ना, प्राचार्य डॉ. बीके साहू ने बधाई दी। कैम्पस को सफल बनाने में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम, प्रो. पलक पैगवार का विशेष योगदान रहा।



# पीएसएम मस्जिद दरीखाना में रोज़ाना अफ्तार-ए-आम

**जबलपुर।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर शहर की पीएसएम मस्जिद दरीखाना में रोज़ाना अफ्तार-ए-आम का आयोजन किया जा रहा है। रमजान के पहले रोज़े से ही मस्जिद कमेटी एवं मुस्लिम समाज के सहयोग से रोज़ेदारों के लिए अफ्तार की व्यवस्था की जा रही है। मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष नज़र अली ने बताया कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगी। अफ्तार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं, जिनमें हिन्दू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग एक साथ बैठकर रोज़ा इफ्तार करते हैं, जो आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल है। अफ्तार के बाद मगरिब की नमाज़ अदा की जाती है और देश में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ की जाती है। इस अवसर पर शेख मंजूर एडवोकेट, सादिक खान, फिदा हुसैन, मोहम्मद जावेद, अश्फाक अंकल, कलीम भाई, रजा साहब और मुअज्जम कादिर भाई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मस्जिद कमेटी ने अफ्तार में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी भक्ति, प्रेम, करुणा की प्रतिमूर्ति

# माँ कर्मा देवी की 1010वीं जयंती पर साहू समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा








**हजारों की संख्या में मातृशक्ति, वरिष्ठ एवं युवा हुए शामिल**

**जबलपुर।** भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त एवं साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1010वीं जयंती पर साहू समाज जबलपुर के तत्वावधान में शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारम्भ मालवीय चौक में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक लखन घनघोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, दिनेश यादव तथा कार्यक्रम संयोजक रविकिरण साहू की उपस्थिति में माँ कर्मा की पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया।शोभायात्रा मालवीय चौक से प्रारंभ होकर सुपर मार्केट, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, सराफा कोतवाली, मिलोनीगंज चौक और हनुमानताल होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि माँ कर्मा केवल साहू समाज ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए भक्ति, प्रेम और सेवा की प्रेरणा हैं। कार्यक्रम संयोजक रविकिरण साहू ने बताया कि लगातार दूसरे वर्ष निकाली गई इस शोभायात्रा में जबलपुर शहर सहित गढ़ा, रांझी, कुंडम, बघराजी, बरेला, पनागर, सिहोरा, भेड़ाघाट, बरगी, पाटन और मझौली से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा में माँ कर्मा के जीवन प्रसंग, भगवान जगन्नाथ स्वामी, भगवान शंकर की झांकियां, शेर नृत्य, मशाने की होली तथा महाराष्ट्र के नागपुर से आए ढोल-ताशा दल ने आकर्षण का केंद्र बनाया। यात्रा मार्ग में विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महिला साहू समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा दीपक साहू, कैलाश साहू, प्रदीप साहू, एडवोकेट अर्जुन साहू, श्रीकांत साहू, रामेश्वर साहू, सुरेन्द्र साहू, वीरेन्द्र साहू, विमलेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, राजू साहू कोठी, पार्षद रजनी कैलाश साहू, रजनी सुरेन्द्र साहू, राहुल साहू, शेखर साहू, शुभम साहू, संजय साहू, मुकेश साहू, राजेन्द्र साहू, हरीश साहू, रविशंकर साहू, प्रहलाद साहू, सतीश साहू, राजेश साहू, अजय साहू, नरेन्द्र साहू, रीना साहू, सुधारानी साहू, वर्षा साहू, मोना साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

# 20 को निकलेगी भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

**जबलपुर।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव 20 मार्च को धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। भारतीय एकता मंडल की विगत दिवस सिंधी धर्मशाला गोपाल होटल में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से हरीश सचदेवा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तत्पश्चात यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष चेट्रीचंड महोत्सव में अधिक से अधिक आकर्षक झांकियों को प्रस्तुत किया जाएगा। यह शोभायात्रा भारतीय एकता मंडल के तत्वावधान में शाम 07 बजे सिंधी सिंगल क्वार्टर से प्रारंभ होकर सांई मंदिर, गोस्वामी दरबार, नारायण चौक, गोपाल होटल चौक, सिंधी धर्मशाला होते हुए श्री झूलेलाल मंदिर आयाराम दरबार पहुंचकर समाप्त होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील अध्यक्ष हरीश सचदेवा, गनेश जेठवानी, भरत मंगलानी, संजय तोतलानी, संजय भवानी, शैलेष बचवानी, दीपक चांदवानी, हरीश नवानी, सुरेश रामचंदानी, रवि तोतलानी, निक्की लालचंदानी, शंकर आहूजा, गोप जबरानी, दुलीचंद देवानी, महेश माखीजा, राम पंजवानी सहित अन्य ने की है।



# अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा पावर लिफ्टिंग व शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की टीम रवाना

**जबलपुर।** 47वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल पावर लिफ्टिंग एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपी पावर की 12 सदस्यीय टीम गुरुवार को कोटा के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता 13 से 15 मार्च तक राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के तत्वावधान में कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में आयोजित की जा रही है। टीम में सात खिलाड़ी पावर लिफ्टिंग और पांच खिलाड़ी शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पावर लिफ्टिंग टीम में पृथ्वीराज चौधरी, विशाल वर्मा, सुरेन्द्र कुमार पटेल (इंदौर), शैलेन्द्र श्रीवास (भोपाल), नीरज चौहान (देवास), दिनेश मेवाडा (सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी) तथा अबज़ल खान (श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया) शामिल हैं। शरीर सौष्ठव टीम में एनके पांचाल, अमित हतवरे (दोनों श्री सिंगाजी ताप विद्युत), नितिन चौहान (धार), संदीप मौर्या (इंदौर) तथा सुनील पटेल (सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी) को शामिल किया गया है। जबलपुर के सुहास कोरडे टीम मैनेजर और प्रवीण कपूर कोच की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# 24 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ 15—16 मार्च को

**कटंगी।** भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में समाज को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त और चरित्रवान बनाने के उद्देश्य से देशभर में अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आयोजित किए जा रहे हैं। संगठन की स्थापना 15 अप्रैल 1997 को की गई थी और तब से अब तक 20 लाख से अधिक लोगों को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त और चरित्रवान बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15–16 मार्च 2026 को कटंगी नगर परिषद परिसर में 24 घंटे का जिला स्तरीय श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ आयोजित किया जाएगा। समापन अवसर पर संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न पूजा दीदी तथा केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी का आगमन होगा। संगठन के कार्यकर्ता कटंगी क्षेत्र में घर-घर जाकर कार्यक्रम का प्रचार कर रहे हैं। आयोजन में लगभग 5000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान नशा मुक्त भारत, मांसाहार मुक्त भारत, गौ हत्या पर प्रतिबंध तथा गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर संकल्प भी लिया जाएगा।

## गुंजन के कार्यक्रमों में संस्कृति के दर्शन

# गीत-नृत्यों के बीच होली मिलन व महिला दिवस मनाया

**जबलपुर।** "गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हमेशा भारतीय संस्कृति के प्रेरणादायक दर्शन होते हैं।" उक्त आशय के विचार तिलवारा के निकट घाना की ग्रीन वैली में गुंजन द्वारा आयोजित होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह में उपस्थित पं. नित्यनिरंजन खंपरिया, विनय सक्सेना, अजय अग्रवाल, डॉ. प्रकाश दुबे, नलिनकांत बाजपेई ने व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र साहू को साफा माला के साथ सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चित्रकार प्रमोद कुशवाहा ने आकर्षक विशाल पेंटिंग भेंट की। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी ने सभी के प्रति मंगलभाव व्यक्त किए। संस्था के सदस्यों द्वारा अतिथियों, कलाकारों एवं सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया गया। मिठाईलाल चक्रवर्ती, रज्जन सूर्यवंशी, अनवर हुसैन, नीरज शुक्ला ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। अपनी डांस फैमिली की




नृत्यांगनाओं और मोती शिवहरे के नवरंग कथक कला केंद्र के कलाकारों ने मन भावन नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नगर एवं युवा गुंजन सहित श्रमजीवी पत्रकार परिषद, कादंबरी, पाथेय, वर्तिका, अंतस, पीएमजी, सेम सीनियर सिटीजन क्लब, शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, बुंदेली संस्कृति संगम सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्वादिष्ट भोजन के उपरांत कार्यक्रम समाप्त हुआ।



# पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा उत्कृष्ट बैंकर्स का किया सम्मान

**जबलपुर।** शहर के छोटे वेंडरों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित पी.एम. स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने आज बैठक आयोजित की। बैठक में योजना की सफलता और रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक अशोक कुमार और रमेश कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अन्य बैंकों के प्रतिनिधियों से निगमायुक्त ने 100 प्रतिशत टारगेट पूरा करने का अनुरोध भी किया। निगमायुक्त ने सभी सामुदायिक संगठनों को निर्देश दिए कि वे बैंक में लंबित ऋण प्रकरणों का तुरंत निपटान करें, अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आवेदन तैयार कर बैंक में जमा करें और वेंडरों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। इस पहल का उद्देश्य शहर के रेहड़ी-पटरी वालों को बिना किसी बाधा के कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य में योगदान दे सकें। बैठक में निगम के सभी अधिकारी और बैंकर्स उपस्थित रहे।

# जुमातुल विदा पर शहर की मस्जिदों में गूंज उठी दुआएं, हजारों नमाज़ियों ने अदा की नमाज़

**जबलपुर।** पवित्र माह रमज़ान में मुसलमान रोज़ा रखकर इबादत करते हैं और अल्लाह की रहमतें पाने की कोशिश करते हैं। इस दौरान कुरआन की तिलावत और दुआओं का विशेष महत्व होता है। इसी क्रम में रमज़ान के जुमातुल विदा के अवसर पर शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमातुल विदा की नमाज़ अदा की।

मुस्लिम बहुल इलाकों की मस्जिदों में नमाज़ के दौरान नमाज़ियों की भारी भीड़ देखने को मिली। कई मस्जिदों में जगह कम पड़ने के कारण नमाज़ियों की लंबी कतारें मस्जिद परिसरों से निकलकर बाहर तक दिखाई दीं। नमाज़ से पहले इमाम साहबों ने जुमातुल विदा का खुत्बा पढ़ते हुए रमज़ान की फ़ज़ीलत, इबादत की अहमियत का पैगाम दिया। नमाज़ के बाद देश और शहर में अमन-ओ-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआएं की गईं।

नमाज़ की सफों में आगे की कतारों में बुज़ुर्गों ने तथा पीछे की कतारों में नौजवानों और बच्चों ने



नमाज़ अदा की। शहर की प्रमुख मस्जिदों सहित सदर, रामपुर, गोरखपुर और गढ़ा क्षेत्र की मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने नमाज़ अदा की, वहीं शिया जामा मस्जिद जाकिर अली में शिया समुदाय के लोगों ने जुमातुल विदा की नमाज़ अदा की। उलेमा ने विश्व शांति, अमन-ओ-अमान और इंसानियत की भलाई के लिए विशेष दुआएं कराईं। इसके अलावा मदन महल पहाड़ी स्थित जिन्नाती मस्जिद और गोसुलवरा नूरानी मस्जिद में भी बड़ी तादाद में नमाज़ी शामिल हुए और अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगी गईं।



# 48 साल बाद साथियों ने मिलकर एकसाथ मनाई होली

## पुराने दिनों की याद में जमकर उड़ रंग गुलाल

**जबलपुर।** शहर के मध्य स्थित रतनशी डिसिल्वा हायर सेकेण्डरी विद्यालय के सत्र 1977-78 के एल्युमिनाई ने 48 साल बाद एक बार फिर सामूहिक होली खेली। इस दौरान स्कूल के दिनों की याद ताजा करते हुए एक-दूसरे को जमकर गुलाल मला और गले लगकर त्योहार की खुशियां बांटी। सुपर मार्केट कॉफी हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जमकर हंसी-ठिठोली का दौर भी चला। किसी ने पुराने गीतों की तान छेड़ी तो किसी ने हंसगुल्लों से सबको जमकर गुदगुदाया। इस अवसर पर सुधाकर देशपांडे, नर्मदा शंकर जोशी, कामता प्रसाद विश्वकर्मा, हरिशंकर दुबे, देवदास चौरसिया, मनोज श्रीवास्तव, रवींद्र श्रीवास्तव, विनोद कुमार अग्रवाल, सुनील सराबवगी, प्रबोध कुमार पांडे, राकेश बेंटिया, सुरेंद्र कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, सुधीर बेंटिया, आजाद जैन, नरेंद्र जैन उपस्थित रहे। इंदौर निवासी आनंद शर्मा ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 15428100F RANK HAV/NA NAME DEEPESH BHORIYA S/O MADAN BHORIYA OF UNIT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 2774 3599 6625 I, have changed name of my MOTHER from RUKHMANIBAI BHORIYA (Name as per my Army Service Records) to RUKHMANI BHORIYA (Name as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 9348 3827 4173 AND PORTAL ID) vide affidavit dated 11/03/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
RUKHMANI BHORIYA
INCORRECT NAME
RUKHMANIBAI BHORIYA

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 15429377M RANK HAV/NA NAME DEEPAK SINGH BAGRI S/O PRAMOD KUMAR OF UNIT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 6164 2530 4543 I, have changed name of my FATHER, from PRAMOD KUMAR (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to PRAMOD KUMAR BAGRI (name as per my FATHER, AADHAR CARD NO. 3788 6124 0667 AND PAN CARD NO. DSIPB2628L) vide affidavit dated 12/03/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
PRAMOD KUMAR BAGRI
INCORRECT NAME
PRAMOD KUMAR

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 15428100F RANK HAV/NA NAME DEEPESH BHORIYA S/O MADAN BHORIYA OF UNIT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 2774 3599 6625 I, have changed name of my SON from RISHABH (Name as per my Army Service Records) to RISHABH BHORIYA (Name as per my SON, AADHAR CARD NO. 5673 5644 5603 AND PORTAL ID) vide affidavit dated 11/03/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
RISHABH BHORIYA
INCORRECT NAME
RISHABH

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 15429377M RANK HAV/NA NAME DEEPAK SINGH BAGRI S/O PRAMOD KUMAR OF UNIT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 6164 2530 4543 I have changed name of my MOTHER from BHAGWATI (Name as per my Army Service Records) to BHAGWATI BAGRI (Name as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 5065 4552 2001 AND PAN CARD NO. IWOPB0880D) vide affidavit dated 12/03/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
BHAGWATI BAGRI
INCORRECT NAME
BHAGWATI

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं MAHIMA EMANUAL उम्र 31 वर्ष W/O ENOCH EMANUAL मेरी 10th, 12th एवं B.Sc.(Nursing) की अंकसूची में मेरा विवाह के पहले का नाम MAHIMA SAHAI लिखा हुआ है जो विवाह के बाद बदल कर MAHIMA EMANUAL कर लिया है जो कि मेरे समस्त सरकारी दस्तावेजों में दर्ज किया है। अत: मुझे मेरे नए नाम MAHIMA EMANUAL से जाना पहचाना जाए।
नया नाम :- MAHIMA EMANUAL
पुराना नाम :- MAHIMA SAHAI
पता - : 318/1 सीएमएस कम्पाउंड घमापुर, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### ब्रांड रसना का नया उत्पाद रसना न्यूट्री प्लस लांच

**नई दिल्ली।** पेय ब्रांड रसना ने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए अपना नया उत्पाद रसना न्यूट्री प्लस लांच किया है। यह पोषण से भरपूर पाउडर कॉन्सन्ट्रेट ड्रिंक है, जिसे रसना की रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम ने खासतौर पर आधुनिक भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है। रसना के ग्रुप चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि आज के समय में ग्राहक स्वाद और सेहत के बीच किसी एक को चुनना नहीं चाहते और रसना का नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ इन दोनों के बीच संतुलन बनाने का काम करता है।

### ट्रूकॉलर ने किया फैमिली प्रोटेक्शन फीचर लांच

**मुंबई ।** ट्रूकॉलर ने भारत में फैमिली प्रोटेक्शन लांच किया गया है। यह फीचर पहले ही स्वीडन, चिली, मलेशिया और केन्या जैसे कई वैश्विक बाजारों में सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। ट्रूकॉलर का फैमिली प्रोटेक्शन एक आधुनिक डिजिटल सुरक्षा कवच है, जिसे पूरे परिवार, विशेष रूप से बुजुर्गों को तेजी से बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। जो अपने माता-पिता, बुजुर्गों और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखता है। फैमिली प्रोटेक्शन इस सीटीओ को तुरंत फ्रॉड अलर्ट देता है ।

### टेक्नो का लकी ड्रॉ इनामों के साथ समर फेस्ट पेश

**नई दिल्ली।** टेक्नो अपने देशव्यापी ' समर फेस्ट' के साथ इस मौसम में अतिरिक्त उत्साह जोड़ रहा है। 22 मार्च तक चलने वाली इस पहल को टेक्नो के ग्राहकों के लिए स्मार्टफोन अपग्रेड को और भी ज़्यादा फायदेमंद बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिससे हर खरीदारी आकर्षक इनाम जीतने का एक मौका बन जाती है। इस लकी ड्रॉ में 25 आकर्षक इनाम शामिल हैं, जिनमें एक नई स्कूटी, 10,000 रुपए के गोल्ड वाउचर और कुछ लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफ़ोन शामिल हैं।

### गुणवत्ता से जुड़ा ब्रांड 'द वन एंड ओनली' लांच

**नई दिल्ली।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है– सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी। इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं। अवंती अपने निडर आत्मविश्वास और अलग अंदाज से आकर्षण पैदा करती हैं।

## इंडक्शन चूल्हे और अन्य सामान की मांग 40 से 60 फीसदी अधिक हो गई

# सिलेंडर संकट के बीच इंडक्शन स्टोव-डीजल भट्टी की तेजी से बढ़ी डिमांड, विकल्प में खरीदने पहुंच रहे लोग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ईरान-अमेरिका और इजराइल युद्ध का असर शहर में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। शादी के सीजन में एलपीजी गैस की कमी ने लोगों की चिताएं बढ़ा दी है। कमर्शियल गैस सिलेंडर ना मिलने से होटल और रेस्टोरेंट के मालिक जहां खासे परेशान हैं।

वहीं जिन घरेलू उपभोक्ताओं का परिवार बड़ा है, उन्हें भी गैस सिलेंडर बुक करने की तारीख बढ़ाने से परेशानी महसूस हो रही है, ऐसे में लोग इसके विकल्पों को तलाशने में लगे हैं और इंडक्शन चूल्हे, इलेक्ट्रिककैटल, इलेक्ट्रिक कुकर समेत बाकी विकल्पों की और रुख कर रहे हैं और इंडक्शन चूल्हे, डीजल भट्टियों की खरीदी कर रहे हैं, लेकिन डिमांड बढ़ने से इन सभी आइटमों के बाजार में दाम भी बढ़ गए है।



### इंडक्शन चूल्हे, इलेक्ट्रिक कैटल-कुकर की बढ़ी मांग

गर्ग ट्रेडर्स के राधेश्याम गर्ग ने बताया कि घरेलू उपभोक्ता अब गैस की कमी को देखते हुए इंडक्शन चूल्हे, कुकर और इलेक्ट्रिक कैटल की मांग भी करने लगे हैं। इंडक्शन चूल्हे और अन्य सामान की मांग एक दम ऊपर हो गई है। पहले करीब दस से पंद्रह की मांग होती थी, लेकिन अब ये 40 से 60 की हो गई है। इंडक्शन कुकर और कैटल से ज्यादा मांग इंडक्शन चूल्हे की हो रही है। इनकी मांग में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### गैस की कमी की वजह से कमर्शियल इंडक्शन चूल्हे और डीजल भट्टी खरीदनी पड़ रही

रेस्टोरेंट कारोबार से जुड़े मुरली मनोहर कहते हैं कि गैस की कमी की वजह से वे अन्य विकल्प तलाश रहे हैं। वे कहते हैं कि गैस की कमी की वजह से कमर्शियल इंडक्शन चूल्हे और डीजल भट्टी खरीदनी पड़ रही है। रेस्टोरेंट और ढाबे वालों को फिलहाल इसको विकल्प बनाना पड़ेगा। वहीं इंडक्शन खरीदने के लिए दुकान पर आए ग्राहक शरद कहते हैं कि गैस की कमी की वजह से उन्होंने इंडक्शन चूल्हे को खरीदा है। - ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन की मांग में 30 गुना वृद्धि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन की मांग में 30 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। अनुमानों के अनुसार इंडक्शन स्टोव की बिक्री में लगभग 75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इंडक्शन के साथ-साथ इलेक्ट्रिक केतली, इलेक्ट्रिक कुकर और एयर फ्रायर की मांग भी काफी बढ़ गई है।

### एडवांस लेने से इनकार कर रहे

*गैस के विकल्पों की तलाश में ग्राहक भोपाल के प्रमुख इलेक्ट्रिकल मार्केट में पहुंच रहे हैं तो कई लोग ऑनलाइन प्लेटफार्म में विकल्प स्वरूप इंडक्शन चूल्हे, डीजल भट्टी आदि की खरीदी कर रहे हैं। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक मार्केट व्यापारियों के अनुसार इन सामानों की खरीदी में बीते तीन दिनों में 40 से 60 फीसदी तक की वृद्धि है। बताया जा रहा है कि गैस की किल्लत के बाद डीजल भट्टियों की मांग तेजी से बढ़ गई है। डीजल भट्टियों के कारोबारियों के पास इसको लेकर लगातार फोन आ रहे हैं। लोग उनको एडवांस देने को तैयार हैं, लेकिन वे एडवांस लेने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि इसकी डिमांड जितनी है, उतनी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। डीजल भट्टियों और कमर्शियल इंडक्शन के कारोबार से जुड़े निखिल कहते हैं कि डिमांड तो ज्यादा है लेकिन सामान नहीं है। पहले साल में दस डीजल की भट्टियों की मांग होती थी, लेकिन आज 100 की मांग पिछले दो दिनों में आ रही है। इसके अलावा कमर्शियल इंडक्शन चूल्हों की भी भारी मांग आ रही है।*

## स्वाभिमान मिशन के तहत प्रीति अदाणी के नेतृत्व में 10 लाख महिलाएं बनेंगी 'बिजनेस वुमन'

**मुंबई।** अदाणी ग्रुप की सामाजिक सेवा और विकास से संबंधित इकाई, अदाणी फाउंडेशन 11 अगस्त 2026 को अपने 30 साल पूरे करने जा रही है। इस मौके से पहले फाउंडेशन ने अपने प्रमुख महिला सशक्तिकरण मिशन 'स्वाभिमान' को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाने की घोषणा की है। इस पहल का लक्ष्य देशभर में 10 लाख महिला उद्यमियों को सक्षम बनाना है। ये घोषणा गुरुवार को मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में आयोजित 'स्वाभिमान- द राइज़ ऑफ शी' कार्यक्रम के दौरान की गई। इस अवसर पर महिलाओं की आजीविका, व्यापार और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर इस पहल के बढ़ते प्रभाव को प्रमुखता से उजागर किया गया।विस्तार के पहले फेज में ध्यान




महाराष्ट्र पर रहेगा, जहां इस पहल के तहत पहले वर्ष में एक लाख महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे छोटे बिजनेस और जमीनी स्तर की व्यापार के लिए नए अवसर तैयार किए जाएंगे।यह कार्यक्रम महिला आर्थिक विकास महामंडल (माविम) के साथ मिलकर शुरू किया गया है। माविम महाराष्ट्र सरकार की वह संस्था है, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूहों के विकास के लिए काम करती है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत चल रहे स्वाभिमान कार्यक्रम के जरिए अब तक मुंबई के वंचित समुदायों की 4,500 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता से जुड़ी जानकारी और वित्तीय व डिजिटल साक्षरता के माध्यम से स्थायी आजीविका बनाने में मदद मिली है।कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी और ट्रस्टी शिलिन अदाणी मौजूद रहीं। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े और माविम की एमडी नंदिनी आवाडे भी उपस्थित रहीं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छा जताई थी, लेकिन एक जरूरी बैठक के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। अपने संदेश में उन्होंने अदाणी ग्रुप को मुंबई और सम्पूर्ण महाराष्ट्र में किए जा रहे उनके सराहनीय सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएँ दी।

### निवेशकों के लिए एजेस फेडरल ने की लार्ज कैप क्वालिटी फंड की शुरुआत

**मुंबई।** एजेसलाइफ इंश्योरेंस ने लार्ज कैप क्वालिटी फंड की शुरुआत की है। यह एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है, जिसे उन लोगों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है जो देश की बड़ी और भरोसेमंद कंपनियों में पैसा लगाकर अच्छी पूंजी जमा करना चाहते हैं। यह फंड 10 रुपए प्रति यूनिट के न्यू फंड ऑफर (की पर उपलब्ध होगा, जिससे ग्राहकों को लॉन्च अवधि के दौरान आधार 'नेट एसेट वैल्यू' पर निवेश शुरू करने का अवसर मिलेगा। कंपनी के एमडी एवं सीईओ,जूड गोम्स ने कहा कि भारत में लंबे समय तक प्रगति की बहुत संभावनाएँ हैं और आज के निवेशक इस विकास का हिस्सा बनने के लिए सुरक्षित और अनुशासित तरीके तलाश रहे हैं। एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस में हम ग्राहकों को निवेश के सरल और पारदर्शी विकल्पों के जरिए वित्तीय सुरक्षा देने के अपने इरादे पर अटल हैं, ताकि वे लंबे समय के अपने सपनों को पूरा कर सकें।

## लेवाली नहीं होने से मक्का सीजनली भाव से 200 रुपए कम

# एथेनॉल उत्पादक, मुर्गी फॉर्म और डिस्टिलरी वाले नहीं दिखा रहे मक्का खरीदी में रुचि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एथेनॉल उत्पादकों का कोटा कम किए जाने से और मुर्गी फार्म संचालकों द्वारा मक्का खरीदी के प्रति रूझान कम होने मक्का के भाव में मंदी का माहौल बना हुआ है। मौजूदा समय में मक्का सीजनली औसत भाव से 200 रुपए प्रति क्विंटल कम दाम पर बिक रहा है।

स्थानीय करोंद मंडी स्थित अनाज व्यापारी संजीव जैन ने बताया कि मंडी में मक्का 1200 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिक रहा है। जबकि सीजनल में मक्का 1400 से 1800 रुपए प्रति क्विंटल क्वालिटीनुसार के भाव बिका था।

संजीव जैन के अनुसार स्थानीय मांग और उठाव धीमा होने से कीमतों पर दबाव बना हुआ है। लगातार गिरावट से किसानों की परेशानी बढ़ गई है और मक्का सरकारी समर्थन मूल्य 2,400 प्रति क्विंटल से 800 से 1000 रुपए नीचे भाव पर है। उन्होंने कहाकि मक्का एथनॉल उत्पादकों द्वारा धीमी खरीदी के कारण देश भर में मक्का की कीमतों में गिरावट आई है, जो एमएसपी से नीचे (900-1100 रुपये/क्विंटल) बिक रही है। सस्ते आयातित मक्के की उपलब्धता और बिचौलियों पर निर्भरता के कारण उत्पादक सीधे किसानों से खरीद में



फाइल फोटो

रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उनके अनुसार इथेनॉल की खरीद के लिए नीति में अचानक बदलाव किसानों और मिल मालिकों के लिए अच्छा नहीं है। मिलें अपनी डिस्टिलरी का पूरी क्षमता से उपयोग करने में असमर्थ हैं और इस प्रकार ठप्प पड़ी हैं। मक्का की खेती का रकबा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। चीनी उद्योग के लिए इथेनॉल की खरीद में बदलाव के परिणामस्वरूप क्षमता का कम उपयोग हो रहा है। बताया कि लगभग 300 करोड़ लीटर की डिस्टिलरी क्षमता में से वर्तमान में केवल एक तिहाई का ही उपयोग हो रहा है।

## अमेजन एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी है, जिसके पास खुद का एयर कार्गो नेटवर्क

# नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया गुवाहाटी में पहली अमेजन एयर फ्लाइट का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने असम के गुवाहाटी में अमेजन एयर की पहली उड़ान का उद्घाटन किया। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से गुवाहाटी के लिए अमेजन की पहली एयर फ्लाईट का उद्घाटन अवसर पर राममोहन नायडू किंजरापु सहित अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, भारत और ऑस्ट्रेलिया, अमेजन और चेतन कृष्णास्वामी, वीपी, पब्लिक पॉलिसी, एमेजॉन इंडिया भी मौजूद थे। यह सेवा अमेजन के इंटीग्रेटेड एयर एवं सरफेस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क द्वारा सैवन सिस्टर्स- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा में डिलीवरी पहुंचाने में मदद करेगी। अमेजन के खुद के एयर कार्गो नेटवर्क और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर की मदद से ट्रांजिट टाईम में काफी कमी आएगी तथा डिलीवरी की स्पीड पांच गुना तक बढ़ जाएगी।




### अमेजन एमएक्स प्लेयर ने कंटेंट सूची पेश की

अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अब तक की अपनी सबसे बड़ी कंटेंट सूची की घोषणा की, प्लेटफॉर्म 150 से अधिक नए और पहले से चल रहे शो लेकर आ रहा है। विभिन्न शैलियों, प्रारूपों और कहानी कहने के अंदाज़ में फैली इस सूची के जरिए प्लेटफ़ॉर्म का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली मनोरंजन सामग्री को देशभर के दर्शकों तक पूरी तरह मुफ्त पहुंचाना है। अमेजन इंडिया के प्रमुख, गिरीश प्रभु ने कहाकि हमारी 2026 की सामग्री सूची और 250 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं की पहुंच के साथ, एमेजन एमएक्स प्लेयर ब्रांड्स के लिए बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुड़ने का एक ज़बरदस्त मौका देता है। अमेजन एमएक्स प्लेयर की प्रोडक्ट, टेक और मार्केटिंग हेड अरुणा दरयानानी ने कहाकि अमेजन एमएक्स प्लेयर की तेजी से बढ़ती दर्शक संख्या मजबूत विज्ञापनदाताओं को आकर्षित कर रही है।

**मंडल कार्यालय म.प्र.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या जबलपुर**
1794 बी, नवआदर्श कॉलोनी, एम. आर. 4 रोड, जयनगर, जबलपुर

क्रमांक/प्रकाशन/222/2025 जबलपुर, दिनांक: 13.03.2026

**नोटिस (अंतिम सूचना पत्र )**

विपणन संघ के जिला कार्यालय जबलपुर में पदस्थ श्री संदीप त्रिपाठी, भृत्य (संविदा) पिता स्व. श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, पता 797 / 1 कस्तूरबा गांधी वार्ड, गढ़ाफाटक- जिला जबलपुर आप माह जनवरी 2025 से अपने कार्य स्थल जिला कार्यालय जबलपुर से लगातार अनुपस्थित है। तत्सम्बंध में आपको कार्यालय में उपस्थित होने हेतु प्रत्येक माह पत्र के माध्यम से 'अवगत कराया जा रहा है, लेकिन आप अपने कार्य स्थल जिला कार्यालय जबलपुर में उपस्थित नही हो रहे है। जिसके कारण आपके विरूद्ध पूर्व से संस्थित विभागीय जॉच की कार्यवाही भी प्रभावित हो रही है। अत: आपको इस नोटिस के माध्यम से अंतिम अवसर देते हुये सूचित किया जाता है कि आप कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर अपनी उपस्थिति देवे तथा अनुपस्थिति के मान्य योग्य कारणो / प्रमाणको सहित प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। (हीरेन्द्र सिंह रघुवंशी)
मण्डल प्रबंधक एवं जिला विपणन अधिकारी, जबलपुर




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**KRISHI VIGYAN KENDRA KATNI**
Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur-482 004 (M.P.)

Tender No.: IPRO/KVK/KATNI/2025-26/50 Dated:13.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)**

Tenders (2nd call) are invited for the **supply of Super Seed drill (Super Seeder) for KVK Katni, JNKVV.** Last date for submission of complete tender at office of undersigned, is 23/03/2026, 5:00 pm. For details visit **www.jnkvv.org.** Tender will be opened on **23/03/2026 at 5 pm.**

**Senior Scientist & Head**
**KVK, KATNI(M.P)**

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (O&M)
Pench Hydel Power Station Totladoh,Village-Pauni,PO Pauni,Th. Ramtek, Distt. Nagpur (M.S.) 441401
CIN-U40109MP2001SGC014882 Regd.office-Block No. 9, Shakti Bhawan, Rampur Jabalpur
E-mail : sepench@rediffmail.com , www.mppgcl.mp.gov.in, GSTIN No. :- 27AADCM4472A1ZR
5975/9100/Pench/Tender/1542 Pauni, Dated : 13.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER "Through E-Tendering Only"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced Contractors/Vendors for the works/supplies as detailed below for PHPS, MPPGCL, Totladoh :-

| Tender ID. | Name of Works/Material | EMD Rs. | Last Date of Online Submission of E-tender | Due Date of Technical Opening of E-tender |
|---|---|---|---|---|
| 2026_ MPPGC_ 479240_1 | Hiring of one No. 19+1 Seater (Diesel Version with Air Bags & ABS) with minimum engine capacity 1450 CC for transportation of school going childreans of employees of Pench HPS MPPGCL Totladoh from Pench HPS MPPGCL Colony Pauni to Ramtek, Dist Nagpur for academic session 2026-27 (from July 26 to April 27) with monthly running of 1500 KMS | 28500.00 | 28.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 30.03.2026 from 15:30 Hrs. onwards |

**Note :** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** for any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in**, any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/124903/2026 // SAVE ELECTRICITY // SE (O&M)

**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है।, सभी कार्य का प्रकार– मल्टी पर्पस स्टॉल, सभी कैटलॉग क्र.– JBP-CMPS-26-2 , एवं सभी ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय – 27/03/2026, 11:00 hrs.

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिक क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथ एवं समय |
|---|---|---|---|
| दमोह | MPS-JBP-DMO-MPS-76-26-1 | DMO-MPS-4 | 27/03/2026 11:30 hrs. |
| मदन महल | MPS-JBP-MML-MPS-50-24-1 | MML-MPS-1 | 27/03/2026 11:40 hrs. |
| ब्योहारी | MPS-JBP-BEHR-MPS-75-26-1 | BEHR-MPS-1 | 27/03/2026 11:50 hrs. |
| जबलपुर | MPS-JBP-MPS-74-26-1 | JBP-MPS-3 | 27/03/2026 12:00 hrs. |

संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www-ireps-gov-in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सुचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। (हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 6164



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना–5
4.अकस्मात,एकाएक–4
7.पराजय–2
8.नाव चलाने वाला–3
9.भीगा हुआ–2
10.अनुवाद–4
11.बेल–2
13.योग्य,सही–3
14.घोड़ा गाड़ी–2
15.काव्य,गजल–3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान–2
19.नामकरण–2,3
22.राजा का महल–5
25.प्रेम,ममता–2
26.कपड़े की दीवार–3
28.रास्ता,मार्ग–2
29.सिर,खोपड़ी–3
30.माप–2
32.गुस्सा करना–4
34.व्यंग,चुटीली बात–2
36.नायक,नेता–3
37.एक आंख वाला–2
38.रचनाकार–4
39.कृष्ण का एक नाम–3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी–2)
2.डरपोक,भीरू–3
3.व्यंग कसना –5
4.बुद्धि–3
5.झुका हुआ–2
6.कर देने वाला–4
7.चोरी करना,छीनना (मु.–2,3)
10.तहखाना–4
12.एकटक देखना–2
16.वियोग,जुदाई–3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म–2
18.खुजली–2
20.घोटना,मंथन करना–3
21.पत्र,चिट्ठी–2
22.रास्ता–2
23.सुगंधित होना–4
24.बिजली का कौंधना–5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू–5)
26.भगवान,ईश्वर–4
27.पेड़ का मध्य भाग–2
31.पटाखे की बाती,–3
33.अभिव्यक्ति–3
35.नृत्य,डांस–2
37.छोटी सवारी गाड़ी–2

### शब्द पहेली- 6163 का हल



## सूडोकू नवताल - 6174

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6173 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।



## लाइफ Style

# अनन्या
## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला




# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।




# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा


**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

## टीवी मसाला



# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।


## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6



भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।

# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## कल 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना है ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुई 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुई सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

# क्रिकेट मैदान पर बढ़ रहा है भारतीय महिलाओं का दबदबा, 14 राज्यों में भागीदारी दोगुनी

*बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के कराए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। इस अध्ययन में 10 हजार से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है।*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। अध्ययन के अनुसार, '15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है।' हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है।

### यूपी में भागीदारी 10 गुना बढ़ी

उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।' अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है, जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया।


### क्रिकेट ने कबड्डी को काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ा

क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है। अध्ययन में कहा गया, 'जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है।'इसके अनुसार, 'अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।



### महिलाओं की बैडमिंटन में भागीदारी बढ़ी

सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार, 'जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।



## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दी ओरम और रोंची को छुट्टी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड पुरुष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है। इस टीम के लिए 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा। इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा,' ल्यूक और जैक के लिए यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है। हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा।'

### पांच अंडर 67 स्कोर के साथ थिगाला शीर्ष पर



**पोंटे वेद्रा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन पांच अंडर 67 स्कोर करके संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। थिगाला के साथ मावेरिक मैकनीली, ली हॉजेस, सेप स्ट्राका और आस्टिन स्मूदरमैन पहले स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अन्य खिलाड़ियों में अर्नाल्ड पामेर आमंत्रण टूर्नामेंट के विजेता अक्षय भाटिया संयुक्त 30वें , सुदर्शन येल्लामाराजू और आरोन राय संयुक्त 69वें स्थान पर हैं।

### जुलाई मे अल्टीमेट टेबल टेनिस, गोवा करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** गोवा जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र की मेजबानी करेगा। लीग के आयोजकों ने इसकी जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वाधान में 11 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाने वाली यूटीटी 2017 में लांच हुई थी और आयोजकों ने एक बयान में कहा, अल्टीमेट टेबल टेनिस भारत के टेबल टेनिस तंत्र का अहम हिस्सा बन गई है। इससे पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक स्तर पर खेल बेहतर हुआ है। यूटीटी के सह प्रवर्तक विटा दानी ने कहा, इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की है,उन्हें ज्यादा पहचान मिली है। हमारा मकसद एक ऐसी विश्व स्तरीय लीग बनाना है जो युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को इस खेल से जोड़े और लंबे समय तक खेल के विकास में मदद करे। खिलाड़ियों की नीलामी और सातवें सत्र के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आगामी हफ्तों में की जाएगी।

### कार्लोस ने कैमरुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-4 से दर्ज की जीत

# लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बने अल्कारेज

### अल्कारेज ने 2023 और 2024 में जीता था टाइटल



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैमरून नॉरी के खिलाफ हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, स्पेन के अल्कारेज ने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था। इसके अलावा, 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक पहुंचा दिया। अल्कारेज लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले राफेल नडाल (2006-13) और नोवाक जोकोविच (2011-16) ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अल्कारेज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का टाइटल जीता था। दोनों बार उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हराया था।



### मैंने आक्रामक खेला : अल्कारेज

जीत के बाद अल्कारेज ने कहा, "हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके भारी टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो है। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट ढूंढना पड़ता है। मैंने अच्छा खेला। मैंने आक्रामक खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।

### स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा रहा भारी

मैच के दौरान अल्कारेज और नॉरी ने अपनी रफ्तार बदली, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा भारी रहा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्विस ब्रेक के साथ खत्म हुआ। नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्कारेज ने लगातार चार गेम जीता। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने बेसलाइन हिटिंग के साथ हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिश्रण दिखाते हुए, एक घंटे 33 मिनट के बाद अपने चौथे मैच पॉइंट को बदलकर आगे बढ़ गए।

### एरिना का खिताब की ओर अगला कदम

एरिना सबालेंका ने बीएनपी परीबस ओपन क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब की ओर अगला कदम बढ़ा दिया। सबालेंका सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी, जिन्होंने आस्ट्रेलिया की गैर वरीय तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी।





### एलिना ने इगा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना भी पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना एलेना रिबाकिना से होगा, जिसने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 7-6 से मात दी।

### मेदवेदेव ने गत चैंपियन ड्रेपर को दी मात

दानिल मेदवेदेव पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैंपियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हराया। मेदवेदेव का सामना अब कार्लोस अल्काराज या कैमरन नॉरी से होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिनर की टक्कर ज्वेरेव से होगी।




### क्रिकेट : 100-100 बॉल

# द हंड्रेड लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने 21 साल के जेम्स

### लंदन स्पिरिट ने 3,90,000 पाउंड में खरीदा

एजेंसी ▶▶| लंदन



इंग्लैंड में 100-100 गेंद की खेली जाने वाली द हंड्रेड लीग के आगामी सीजन के ऑक्शन में एक युवा खिलाड़ी पर जमकर पैसा बरसा। द हंड्रेड लीग में कुछ भारतीय फ्रेंचाइजी भी अपनी टीम खरीद चुकी हैं।

इनमें सनराइजर्स, मुंबई इंडियंस की एमआई, लखनऊ वाली फ्रेंचाइजी सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स वाले जीएमआर ग्रुप की टीम साउदर्न ब्रेव भी शामिल हैं। इन सभी भारतीय फ्रेंचाइजी ने जमकर खिलाड़ियों को खरीदा, लेकिन सबसे महंगे खिलाड़ी 21 साल के जेम्स कोल्स बने और उन्हें किसी भारतीय फ्रेंचाइजी ने नहीं बल्कि लंदन स्पिरिट ने खरीदा।

21 साल के जेम्स कोल्स का नाम जैसे ही ऑक्शन में आया, लंदन स्पिरिट ने उन्हें खरीदने के लिए तिजोरी खोल दी। दायें हाथ के बल्लेबाज और लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी करने वाले जेम्स कोल्स के लिए लंदन स्पिरिट की टीम ने 3,90,000 पाउंड यानी लगभग 4.8 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। इसके चलते वह द हंड्रेड के ऑक्शन में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी भी बने।

### 50 फर्स्ट क्लास मैचों में 2920 रन बनाए

जेम्स कोल्स ने साउथ अफ्रीका में होने वाली एसए20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए गेंद और बल्ले से बेहतरीन खेल दिखाया। इसके चलते वह कुछ मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। जेम्स ने इस लीग के सात मैचों में बल्ले से 38 की औसत से 152 रन बनाए और गेंदबाजी से पांच विकेट भी अपने नाम किए. इसके अलावा एसए20 लीग में उनकी टीम विजेता भी रही। जेम्स कोल्स के करियर की बात करें तो उन्होंने 50 फर्स्ट क्लास मैचों में 2920 रन बनाए और उनके नाम 57 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा 21 लिस्ट ए मैचों में 320 रन और 23 विकेट तथा 67 टी20 मैचों में 1260 रन और 50 विकेट शामिल हैं। द हंड्रेड में साल 2024 और 2025 सीजन में वह साउदर्न ब्रेव से खेल चुके हैं और उनके नाम 16 मैचों में 168 रन के साथ 6 विकेट दर्ज हैं।

# केम्प एफसी करेगा 'इंडियन वुमैंस लीग' में अभियान का आगाज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की तेजी से उभरते केम्प फुटबॉल क्लब देश की शीर्ष लीग में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ 25 मार्च को कोलकाता की सुरुचि संघा एफसी के खिलाफ 'इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2' में अपने अभियान का आगाज करेगा। बेंगलुरु स्थित इस टीम का गठन महज चार साल पहले हुआ था। केम्प एफसी कर्नाटक के महिला फुटबॉल जगत की सबसे होनहार टीमों में से एक बनकर उभरी है। सत्र शुरू होने से पहले क्लब ने 'वीएसटी समूह' से समर्थन मिलने की घोषणा भी की है। लगभग 80 प्रतिशत की प्रभावशाली जीत दर और 120 से अधिक युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनियोजित विकास योजना के साथ क्लब ने केएसएफए लीग प्रणाली में काफी प्रगति की है। अब उसका लक्ष्य आईडब्ल्यूएल 2 में शीर्ष पर पहुंचना है। केम्प एफसी की अध्यक्ष कैथलीन ने कहा, 'हमारा पूरा ध्यान फुटबॉल और युवा महिला खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है।'




# ईरान फुटबॉल टीम ने किया ट्रंप पर पलटवार

### कहा- विश्व कप में भाग लेने से 'कोई नहीं रोक सकता'

एजेंसी ▶▶| जेनेवा

ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से 'कोई भी बाहर नहीं कर सकता।'टीम ने गुरुवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए।

यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन 'मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।'ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं।



### ईरान टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक

इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका। पोस्ट में कहा गया, ''विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो।'

### प्रणय, दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया बाहर

# टॉप्स कोर समूह में शामिल निशानेबाज सम्राट और सुरुचि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को 'प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों' को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है। 'टॉप्स' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएस जोहल की अध्यक्षता में 'मिशन ओलंपिक सेल' (एमओसी) की 169वीं बैठक में सूची में फेरबदल किया गया। सम्राट ने जहां पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन का खिताब जीता, वहीं सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किए।



### प्रमोद ने जीता था छठा विश्व खिताब

*ओलंपिक के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद ने इस साल की शुरुआत में अपना छठा विश्व खिताब जीता। पोलियो के कारण बाएं पैर में विकार की दिव्यांगता का शिकार यह 37 वर्षीय खिलाड़ी लगातार तीन डोपिंग परीक्षणों में अनुपस्थित रहने के उल्लंघन के लिए तीन साल के निलंबन के बाद पिछले साल प्रतियोगिता में लौटा है। इस सूची में शामिल होने वाले एक अन्य खिलाड़ी इस वर्ष के एशियाई रजत पदक विजेता राइफल निशानेबाज नीरज कुमार हैं। हालांकि, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता शिव नरवाल को सूची में हुए कुछ बदलावों और नए नामों के शामिल होने के बाद 56 सदस्यीय मुख्य समूह से बाहर कर दिया गया है।*

### गुलवीर को पदोन्नत किया जाना उचित

पिछले साल गुलवीर के शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें विकास स्तर (डेवलपमेंटल लेवल) से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया जाना बिल्कुल उचित था। वे 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दोनों स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही बैडमिंटन मिश्रित युगल जोड़ी तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम फेदरवेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया को भी विकासात्मक स्तर से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया गया है।




## महाराजपुर में अवैध गैस सिलेंडर का जखीरा पकड़ा

# कार्रवाई : रिहायशी मकान में प्रशासन का छापा

हरिभूमि जबलपुर।



शहर में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानी के बीच जिला प्रशासन ने महाराजपुर क्षेत्र में अवैध गैस कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक रिहायशी मकान पर छापा मारकर 46 गैस सिलेंडर जब्त किए। कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार नीलू बागड़ी और सहायक खाद्य अधिकारी राजधर साकेत ने किया। मौके से 8 भरे हुए, 32 खाली और 4 कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए गए। आरोपी प्रदीप साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार सघन आबादी वाले क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडरों का अवैध भंडारण सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई और जब्त सिलेंडरों के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की सुरक्षा और उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फिलहाल गैस वितरण व्यवस्था पर प्रशासन की कड़ी नजर बनी हुई है।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जबलपुर में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत की शिकायतें सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम प्रभावित है और बुकिंग के बाद भी समय पर डिलीवरी नहीं मिल रही। शहर की कई गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने भी कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बाधित होने की बात कही है, जिससे कार्यक्रम और व्यापार प्रभावित हो रहे हैं।

### अधिकारियों की हुई तैनाती

स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने गैस एजेंसियों पर निगरानी बढ़ा दी है। वितरण के दौरान अधिकारियों की तैनाती का निर्णय लिया गया है ताकि घरेलू सिलेंडर पात्र उपभोक्ताओं तक ही पहुंचे और कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके। हाल ही में एक रेस्टोरेंट से घरेलू सिलेंडरों के गलत इस्तेमाल पर पांच सिलेंडर जब्त किए गए थे। प्रशासन का कहना है कि शहर में गैस की वास्तविक कमी नहीं है, बल्कि वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

### बन रहा स्थानीय मॉडल

इस बीच जबलपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर बन्दरकोला गांव में कई परिवारों ने बायोगैस प्लांट अपनाकर वैकल्पिक व्यवस्था शुरू की है, जिसे गैस संकट से निपटने का स्थानीय मॉडल माना जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी उपभोक्ता बुकिंग और हेल्पलाइन से जुड़ी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं, जिससे मांग और आपूर्ति के बीच अस्थायी अवरोध या लॉजिस्टिक समस्या की आशंका जताई जा रही है।

## रेलवे ने तुरंत उपलब्ध कराई ऑक्सीजन

# यात्री की अटकी श्वांसे रेलवे ने लौटाई




**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा एक महिला यात्री की गंभीर स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान कर मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस 139 रेल मदद के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 07092 के कोच बी-7, सीट संख्या 37 पर यात्रा कर रही श्रीमती ललिता देवी अचानक अचेत अवस्था में हो गई हैं। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई। गाड़ी के जबलपुर स्टेशन पर पहुंचने पर रेलवे चिकित्सक डॉ. संदीप द्वारा यात्री की तत्काल स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान उनका एसपीओ स्तर लगभग 40 पाया गया, जो अत्यंत गंभीर स्थिति को दर्शाता है। चिकित्सक द्वारा उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई। रेलवे प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए उप स्टेशन प्रबंधक बलवंत के माध्यम से एंबुलेंस की व्यवस्था कराई और महिला यात्री को उनके पुत्र अमलेश के साथ उपचार हेतु ओमेगा हॉस्पिटल भेजा गया, जहां उनका उपचार प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात शुक्रवार को मरीज के पुत्र अमलेश द्वारा स्टेशन प्रबंधक कार्यालय से संपर्क कर अनुरोध किया गया कि वे अपनी माता को आगे के उपचार के लिए सिकंदराबाद ले जाना चाहते हैं, जिसके लिए यात्रा के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता होगी। यात्री की आवश्यकता को देखते हुए स्टेशन प्रबंधक संजय जायसवाल एवं उप स्टेशन प्रबंधक बलवंत द्वारा तत्काल ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कराई गई। इसके साथ ही मरीज को स्टेशन से बैटरी कार के माध्यम से सुरक्षित रूप से गाड़ी संख्या 03225 के कोच एम-3, सीट संख्या 73 एवं 76 तक पहुंचाया गया।

## बकाया वसूली के दौरान विवाद, ओमती में मामला दर्ज

# बिजली कनेक्शन काटने पर पति-पत्नी ने धमकाया

हरिभूमि जबलपुर।

ओमती थाना क्षेत्र स्थित बिजली कार्यालय में बकाया बिल को लेकर हुए हंगामे ने एक बार फिर सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कनेक्शन काटे जाने से नाराज युवक द्वारा कार्यालय में घुसकर अधिकारियों को धमकाने की घटना सामने आई है. जिससे एक बार फिर वसूली अभियान के दौरान स्टाफ पर्याप्त सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं. गौरतलब है कि बिजली विभाग इन दिनों बकाया राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चला रहा है। टीमों को घर-घर जाकर नोटिस देना और बकाया होने पर कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई करनी पड़ रही है। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि ऐसे अभियानों के दौरान कई बार उपभोक्ताओं का आक्रोश सीधे फील्ड स्टाफ पर उतरता है।

### क्या है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली विभाग की बकाया वसूली अभियान के दौरान ओमती थाना क्षेत्र स्थित बिजली कार्यालय में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब घर का बिजली कनेक्शन काटे जाने से नाराज दर्शन भाटिया नामक युवक दफ्तर पहुंच गया और अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। विभाग के अनुसार उसके घर पर चार अलग-अलग बिजली कनेक्शन संचालित थे, जिन पर 20 हजार रुपए से अधिक का बिल लंबे समय से बकाया था और नोटिस के बावजूद भुगतान न होने पर नियमानुसार कनेक्शन विच्छेदित किया गया था। कार्रवाई से आक्रोशित युवक ने कार्यालय में घुसकर कनेक्शन जोड़ने का दबाव बनाया तथा सरकारी कार्य में बाधा डाली, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। कुछ देर बाद उसकी पत्नी भी दफ्तर पहुंची और अधिकारियों से तीखी बहस की, जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया। विभाग ने मामले की शिकायत ओमती थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है; विभाग का कहना है कि बकाया वसूली वैधानिक प्रक्रिया है और कर्मचारियों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पर्याप्त सुरक्षा की मांग

कर्मचारी संगठनों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में वसूली टीमों के साथ पुलिस बल तैनात नहीं रहता। केवल बड़े बकायादारों या संवेदनशील क्षेत्रों में पूर्व सूचना देकर पुलिस सहायता ली जाती है। कर्मचारियों का कहना है कि छोटे-छोटे विवाद भी कभी-कभी अचानक हिंसक रूप ले लेते हैं, जिससे सुरक्षा का सवाल और गंभीर हो जाता है। हालिया घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों से वसूली अभियान के दौरान पुलिस सहयोग बढ़ाने की मांग की गई है।

### पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

कर्मचारी संगठनों का कहना है कि हर साल वसूली सीजन में इस तरह की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। हालांकि विभाग की ओर से ऐसे मामलों का आधिकारिक आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन कर्मचारियों का दावा है कि शिकायतों की संख्या कम नहीं है।

## *149 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार*

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और भेड़ाघाट पुलिस की टीम ने भेड़ाघाट चौराहा में पुलिया के नीचे मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 149 ग्राम गांजा एवं नगदी 2 हजार 420 रूपये जब्त किए है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और भेड़ाघाट की संयुक्त टीम ने भेड़ाघाट चौराहा में पुलिया के नीचे गांजा लेकर खड़े झिन्ना मोहल्ला मीरगंज भेड़ाघाट निवासी 36 वर्षीय शक्ति साहू को गिरफ्तार कर उसके पास से 149 ग्राम गांजा नगदी 2 हजार 420 रूपये जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 7 हजार 450 रूपये की बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये मामला जांच में लिया है।

## 14 हजार रूपये, 2 मोबाईल, सट्टा-पट्टी, केलकुलेटर जप्त

# 3 सटोरिये सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पकड़े गये



**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच के साथ दो थानों की पुलिस टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर सट्टा पट्टी लिख रहे 3 सटोरियो को गिरफ्तार कर 14 हजार 630 रुपये नगद, सट्टा पट्टी, 2 मोबाइल और केलकुलेटर जब्त की गई। घमापुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश गौतम ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और घमापुर पुलिस की टीम ने चांदमारी रोड में सट्टा पट्टी लिखते हुए शुक्ला होटल चांदमारी निवासी 24 वर्षीय रोशन प्रजापति को गिरफ्तार कर उसके पास से सट्टा पट्टी और नगद 8020 रुपए जब्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

इसी तरह पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि गत शाम मुखबिर की सूचना पर घर के पास लोगों से सट्टा पट्टी लेकर एवं मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिलवाते हुए रैपुरा निवासी 25 वर्षीय ललित उर्फ दशरथ केवट एवं सट्टा लिखते हुए 38 वर्षीय दिनेश केवट को रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी ललित केवट के कब्जे से सट्टा पट्टी एवं नगदी 4 हजार 400 रूपये, 1 वीवो कम्पनी का मोबाईल तथा दिनेश केवट से 2 हजार 210 रूपये, कैल्कुलेटर तथा सट्टा पट्टी जप्त की गई। पूछताछ करने पर रैपुरा निवासी मिही लाल के द्वारा सट्टा लिखने के एवज में 500 रुपए मजदूरी मिलने की बात बताई। पुलिस ने सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एवं 49 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। वहीं सट्टा खिलवाने वाला आरोपी मिहीलाल फरार है।

## मुस्लिम समाज ने कैंट थाने में दर्ज कराई शिकायत

# सोशल मीडिया में इमाम पर टिप्पणी से विवाद

**जबलपुर।** शहर के सदर क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद के इमाम को लेकर सोशल मीडिया पर की गई एक आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद विवाद की स्थिति बन गई। मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में कैंट थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

थाने में दी गई शिकायत के अनुसार मुस्ताक अहमद नामक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई एक पोस्ट को लेकर लोगों ने धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगाया है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि इस तरह की टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द बिगाड़ सकती हैं। विरोध जताने पहुंचे लोगों ने थाना प्रभारी पुष्पेंद्र पटेल को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट और पोस्ट की तकनीकी जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।




## हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश, राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस

# अतिथि व्याख्याता की सेवा समाप्ति पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अतिथि व्याख्याता की सेवा समाप्ति के आदेश को प्रथमदृष्ट्या अनुचित पाया। इसी के साथ अंतरिम राहत बतौर सेवा समाप्ति पर रोक लगा दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है । याचिकाकर्ता सिहोरा निवासी विमलेश खम्परिया की ओर से अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की अतिथि व्याख्याता के रूप में नियुक्ति लोक शिक्षण विभाग, भोपाल के द्वारा आलाइन आवेदन के जरिए हुई थी। मैरिट के आधार पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बहोरीबंद, कटनी के लिए 26 जुलाई, 2025 को चयन हुआ था। इसके बावजूद प्राचार्य द्वारा दुर्भावनापूर्ण तरीके से आवेदिका को मानसिक रूप प्रताड़ित किया जा रहा था। प्राचार्य द्वारा फोटो खींचने, वीडियो बनवाने सहित अन्य तरीकों से परेशान किया जा रहा था। जिसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी, कटनी, आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय, भोपाल को भी लिखित रूप में की गई थी। जांच के भी आदेश जारी हुए थे। इसके बावजूद प्राचार्य द्वारा आठ नवंबर, 2025 को मनमाने तरीके से सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। चूंकि बिना कारण बताओ नोटिस के यह कार्रवाई की गई, अतः चुनौती के योग्य है।



# यूनियन कार्बाइड परिसर की दूषित मिट्टी-भूजल के उपचार की योजना पेश करने के निर्देश

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि यूनियन कार्बइड प्लांट भोपाल के आसपास की दूषित मिट्टी और भूजल के उपचार के आकलन की विस्तृत योजना अदालत में पेश की जाए। जस्टिस विवेक कुमार सिंह और जस्टिस अनिल कुमार निरंकारी की डिवीजन बेंच ने इसके लिए राज्य सरकार को पांच सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। राज्य सरकार की ओर से दायर हलफनामे में बताया गया कि 3 मार्च 2026 को स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों की बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी। बैठक में ऐसे सक्षम संगठनों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया जो दूषित मिट्टी और भूजल के उपचार का आकलन कर सकें। साथ ही पूर्व यूसीआईएल परिसर की जंग लगी संरचनाओं के विषहरण और विसंक्रमण तथा पूरे स्थल के समयबद्ध उपचार के मुद्दे पर भी विचार किया गया। हलफनामे में कहा गया कि सेंट्रल पोल्लुशन कण्ट्रोल बोर्ड द्वारा पर्यावरण संरक्षण (दूषित स्थलों का प्रबंधन) नियम-2025 के तहत तैयार संदर्भित संगठनों की सूची से इस कार्य के लिए प्रक्रिया शुरू कर संक्षिप्त निविदा जारी करने का निर्णय लिया गया है।सरकार ने यह भी बताया कि 337 मीट्रिक टन विषैले कचरे के परिवहन, संग्रहण और राख के निपटान का कार्य पूरा किया जा चुका है, जिसकी रिपोर्ट मध्य प्रदेश पोल्लुशन कण्ट्रोल बोर्ड द्वारा अदालत में प्रस्तुत की गई है। अदालत ने यूनियन कार्बाइड संयंत्र स्थल की सफाई से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240